हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 180, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 22 दिसम्बर, 2022 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

नशाखोरी एक गंभीर समस्या, ड्रग्स व आतंकवाद पर सख्त है सरकार : शाह

लोकसभा में बोले गृहमंत्री- 60 दिनों के भीतर हमने 1,60,000 किग्रा. से अधिक अवैध ड्रग्स को जला दिया

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज भी संसद में विपक्षी दलों ने हंगामा किया। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने आज संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्षी दलों ने सरकार से चीन मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग की। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बयान दिया। उन्होंने कहा कि नशाखोरी एक गंभीर समस्या है जो पीढ़ियों को नष्ट कर रही है। ड्रग्स से होने वाले मुनाफे का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए भी किया जाता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया कि 75,000 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स को नष्ट करने का लक्ष्य रखा गया था और 60 दिनों के भीतर हमने 1,60,000 किलोग्राम से अधिक अवैध ड्रग्स को जला दिया है। हमने एक कमेटी भी बनाई है, जो हर 15 दिन में इस डेटा का विश्लेषण करती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सब्सिडी/मुफ्त उपहारों को प्रासंगिक बनाया जाना चाहिए। यदि आप इसे अपने बजट में डाल सकते हैं और इसके लिए प्रावधान कर सकते हैं, जब आपका राजस्व आएगा और आप पैसा देंगे, तो किसी को आपत्ति क्यों होगी? शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों को दी जाने वाली कई तरह की सब्सिडी पूरी तरह जायज हैं। उन्होंने कहा कि यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि जब आप अपने तरीकों में पारदर्शी होते हैं, तो इस मुफ्त उपहारों पर कोई बहस नहीं होती। हम केवल पारदर्शिता और वैधानिक राजकोषीय नियमों का अनुपालन चाहते हैं। राज्यसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऐसी मीडिया रिपोर्टें हैं कि एक राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समय पर नहीं कर पा रही है और कर्मचारी इसका विरोध कर रहे हैं। ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि पूरे देश में कई अलग-अलग विज्ञापन देने के लिए धन का उपयोग किया जा रहा है। केंद्रीय गृह अमित शाह के बयान पर लोकसभा में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से गृह मंत्री ने भारत को ड्रग्स मुक्त करने की बात कही है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर कुछ और ही बयां करती है। वर्ष 2018 में ड्रग्स से 7,193 आत्महत्या हुई हैं, वहीं वर्ष 2021 में ड्रग्स से 10,560 मृत्यु हुई। यह आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं।

ड्रग्स के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि सीमाएं केंद्र सरकार की जिम्मेदारी होती हैं, लेकिन जब हम बीएसएफ को अधिकार देते हैं तो कहा जाता है कि राज्यों के अधिकार लिए जा रहे हैं, अब वहां बीएसएफ कैसे काम करेगी। बीएसएफ ड्रग्स जब्त करती है, लेकिन मामला दर्ज करने का अधिकार नहीं है, इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने वाले मादक पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे हैं। बिना अधिकारों के एजेंसियां काम नहीं कर सकतीं, उन्हें अधिकार देने होंगे। हमें अपनी एजेंसियों पर विश्वास दिखाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया कि खाड़ी देशों से ड्रग्स आ रहा है और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कारखानों को सील कर दिया गया है। इसके आधार पर 12 राज्यों में छापेमारी की गई और वहां भी लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय निर्मला सीतारमण ने कहा कि कई बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का सामना कर रही हैं, क्योंकि मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने कोविड को संभाला है। वह उस तरीके से अलग थी, जिस तरह से हमने इसे भारत में संभाला था।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में बताया कि मार्च 2022 में सकल एनपीए 5.9% के 6 साल के निचले स्तर पर आ गया है। कॉरपोरेट क्षेत्र अपने बैलेंस शीट को कम कर रहा है, जैसा कि निजी गैर-वित्तीय क्षेत्र के कोर कर्ज में कमी से स्पष्ट है, जो मार्च 2016 में 97.4 प्रतिशत से घटकर जून 2022 में जीडीपी का 87.8 प्रतिशत हो गया है। राजद सांसद मनोज झा ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से सभी लोगों से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर इनका बस चले तो देश को बिहार ही बना दें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है, नशा करने वाले पीड़ित हैं, हमें उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए और पीड़ितों को उनके पुनर्वास के लिए अनुकूल माहौल देना चाहिए, लेकिन मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

कोविड को लेकर सभी पक्ष अलर्ट रहें, भीड़ वाली जगह मास्क की सलाह, तीसरी खुराक अनिवार्य

नई दिल्ली। चीन समेत कुछ देशों में एक बार फिर सिर उठा रहे कोरोना को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसके बाद मंडाविया ने कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है। सभी संबंधित पक्षों को इसे लेकर सतर्क व सावधान रहना है। उधर, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने कहा कि कोरोना टीकों की तीसरी या ऐहतियाती खुराक अनिवार्य है। इसे सभी को लेना चाहिए। भीड़भाड़ वाली जगह मास्क पहने की सलाह भी दी गई है।

बैठक के बाद मंडाविया ने ट्वीट कर कहा, 'कुछ देशों में बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए हमने विशेषज्ञों व अधिकारियों के साथ देश में हालात की समीक्षा की। कोविड अभी गया नहीं है। सभी संबंधित पक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे सतर्क रहें और निगरानी को मजबूत करें। हम किसी भी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं।'

सिर्फ 27-28 फीसदी लोगों ने लगवाई तीसरी खुराक : डॉ. पॉल- बैठक में शामिल नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने बताया कि देश के सिर्फ 27-28 फीसदी लोगों ने अभी कोरोना टीकों की ऐहतियाती या तीसरी खुराक लगवाई है। हम अन्य सभी से, खासकर बुजुर्गों से अपील करते हैं कि वे यह डोल लें। यह खुराक अनिवार्य है और सभी के लिए निर्देशित है।

दिल्ली में जीनोम सीक्वेंसिंग शुरू- इस बीच, कोरोना के पॉजिटिव मामलों की जीनोम सीक्वेंसिंग फिर से शुरू की गई है। केंद्र सरकार के आदेश के बाद दिल्ली सरकार के लोकनायक और आईएलबीएस अस्पताल में जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पाजिटिव सैंपलों को जुटाया जा रहा है। लोकनायक अस्पताल के निदेशक डॉ सुरेश कुमार ने बताया कि पॉजिटिव सैंपलों की जीनोम सीक्वेंसिंग की दैनिक आधार पर जीनोम सीक्वेंसिंग की जाएगी। इससे पता चल पाएगा की कोरोना का कोई नया वैरिएंट तो नहीं पनप रहा है। गौरतलब है कि जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, चीन और अमेरिका में कोरोना के नए मामले चिंताजनक तरीके से बढ़ रहे हैं। इससे पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती पवार ने बताया कि मंगलवार को जीनोम सीक्वेंसिंग को लेकर गाइड लाइन जारी की गई थी। आज बैठक आयोजित कर देश में हालात की समीक्षा की। बैठक में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के पॉल, कोविड-19 वर्किंग ग्रुप एनटीएजीआई के प्रमुख डॉ. एन.के. अरोड़ा, डीजी-आईसीएमआर डॉ. राजीव बहल, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले और डीजीएचएस स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय डॉ. अतुल गोयल शामिल हुए।

आईजीआई एयरपोर्ट पर होगी रेंडम जांच- इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बार फिर से रेंडम जांच की जाएगी। सूत्रों की माने तो कोरोना प्रभावित देशों से आ रहे लोगों की अनिवार्य रूप से जांच की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि किसी भी यात्री में कोई लक्षण तो नहीं। यदि किसी में लक्षण पाए जाते हैं तो उसे क्वारंटाइन कर दिया जाएगा।

देश में हालात अभी नियंत्रण में - पिछले कुछ दिनों के कोरोना आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो पिछले हफ्ते संक्रमण के चलते भारत में 12 मौतें दर्ज की गई हैं। पिछले तीन दिनों से एक भी मौत का मामला सामने नहीं आया है। मार्च 2020 के बाद दैनिक मृत्यु के मामले में यह सबसे कम है। कोरोना के मामलों की बात करें तो पिछले सप्ताह कोरोना के 1103 नए मामले दर्ज किए गए है।

कुंभ 2025 से पहले पूरा कर लिया जाएगा अविरल निर्मल गंगा प्रस्ताव, सीएम योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि अविरल निर्मल गंगा का प्रस्ताव प्रयागराज कुंभ 2025 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक प्रेस रिलीज में सरकार को सूचित किया गया है कि नेशनल गंगा काउंसिल की दूसरी बैठक 30 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

प्रेस रिलीज में जारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश के लिए गंगा नदी प्रकृति का अद्वितीय उपहार है। यह नदी उत्तर प्रदेश के एक बड़े क्षेत्र को आच्छादित करती है। यह हमारी आस्था का केंद्र होने के साथ ही अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार भी है। योगी ने कहा कि गंगा और इसकी सहायक नदियों को अविरल-निर्मल (स्वच्छ और निर्बाधित धारा) बनाने के संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में चल रहे नमामि गंगे प्रोजेक्ट में काफी संतोषजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। गंगा और इसकी सहायक नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए अभियान में आम जनता का भी सहयोग प्राप्त हुआ है, जिसके फलस्वरूप गंगा नदी में डाल्फिन मछलियां वापस लौट आई हैं और जल निकायों को साफ करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ 2025 शुरू होने से पहले मां गंगा को अविरल-निर्मल बनाने का संकल्प पूरा करना होगा। नदियों को सीवेज की गंदगी और जहरीले पानी से बचाने के लिए एसटीपी लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि अर्थ गंगा अभियान से उन करोड़ों लोगों को लाभ होगा, जिनकी आजीविका गंगा पर निर्भर है। अर्थ गंगा से जीडीपी में 3 प्रतिशत का योगदान देने के लक्ष्य के साथ हमें ठोस प्रयास करने होंगे। विशेषज्ञों की सहायता से इसे एक मॉडल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

गंगा नर्सरी का विकसित करने का प्रयास- उन्होंने कहा कि गंगा नर्सरी को महिला स्वयं सहायता समूहों, भूतपूर्व सैनिकों आदि के सहयोग से विकसित करने का प्रयास किया जाए। यहां नर्सरी से लेकर फलों के प्रसंस्करण तक की पूरी वेल्यू चेन बनाई जाए। गंगा के किनारे बसे लोगों के लिए ये 'गंगा उत्पाद' आय का स्थाई जरिया बन सकते हैं।

मणिपुर के नोनी जिले में पलटी बस 5 छात्रों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

इंफाल। मणिपुर के नोनी जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक बस पलटने से उसमें सवार पांच छात्रों की मौत हो गई है। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने इस हादसे की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि ये हादसा राजधानी इंफाल से करीब 55 किलोमीटर दूर पहाड़ी जिले के लोंगसाई इलाके के पास ओल्ड कछार रोड पर हुआ है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने हादसे से जुड़ा एक वीडियो ट्वीट किया है। इस वीडियो में एक बस पलटी दिखाई दे रही है। बस के आसपास भीड़ भी दिखाई दे रही है। पुलिस ने बताया कि सभी छात्र थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल के हैं। छात्र दो बसों से नोनी जिले के खौपुम में स्टडी टूर के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि जिस बस में छात्राएं सफर कर रही थीं, चालक के नियंत्रण खो देने के बाद वह पलट गई। इस हादसे के बाद छात्रों की चीख-पुकार मच गई। हादसे की जानकारी फौरन पुलिस को दी गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, बोले- गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कुछ नहीं कर रही सरकार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कोई काम नहीं कर रही है। शीतलहर ने गरीबों के लिए और ज्यादा मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। अस्पतालों, रेल व बस स्टेशनों पर तमाम लोग बिना किसी आश्रय के ठंड में रात भर ठिठुरने को मजबूर हैं। दिन प्रतिदिन बिगड़ते हालात के बावजूद प्रशासकों की संवेदनाएं नहीं जाग रही हैं। अखिलेश ने कहा कि शीत के प्रकोप से कंपकंपाते हजारों लोग प्रदेश में जीवन भरण के लिए संघर्ष में रातें काट रहे हैं। अभी तक प्रशासन की ओर से अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। गरीबों को समय से कंबल बांटने का भी काम शुरू नहीं हो पाया है। जब लोग ठंड से ठिठुरने लगे हैं तब कंबल खरीद का आदेश जारी हो रहा है। यह खरीद कब होगी और इसमें कंबलों की गुणवत्ता का क्या हाल होगा? राजधानी लखनऊ में नगर निगम और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने चंद रैनबसेरा खोल दिए हैं, जिनमें गिने चुने लोग ही रह सकते हैं। अस्पतालों में बड़ी संख्या में तीमारदार खुले में पेड़ों के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं। कई रैन बसेरों में तो ठंड से बचाव के लिए रजाई-गद्दे भी नहीं मिल पा रहे हैं। लोग खुद अपने कंबल ला रहे हैं।

कोर्ट में पेशी के लिए जा रहे आरोपियों ने पुलिस पर झोंका फायर, एक सिपाही घायल

बागपत। बागपत में छह साल के बच्चे की हत्या में पकड़े गए आरोपी चाचा-भतीजा दरोगा की पिस्टल लेकर ही भाग गए। हालांकि इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। बता दें पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने जा रही थी। उसी दौरान पुलिस कस्टडी से दोनों आरोपी दरोगा की सर्विस पिस्टल लेकर भाग गए। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पर फायर भी झोंका। इसमें एक सिपाही के गोली लगी है। जो घायल है।

रिजिजू बोले- 'राहुल अनुशासनहीन, चीन मामले में कांग्रेस मुखर्जी व मनमोहन की सलाह याद करे'

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी व कांग्रेस को आज खूब खरी खरी सुनाई। राहुल गांधी को लेकर सवाल किए जाने पर रिजिजू ने कहा कि वे अनुशासहीन नेता हैं। उनके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। संसद में चीनी घुसपैठ को लेकर संसद में चर्चा पर अड़िग कांग्रेस के बारे में उन्होंने कहा कि उसे 2005 में उसके नेता प्रणब मुखर्जी व तत्कालीन पीएम डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा भाजपा को दी गई सलाह याद रखना चाहिए। संसद परिसर में केंद्रीय कानून मंत्री रिजिजू से कोविड प्रोटोकॉल को देखते हुए राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा स्थगित करने के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के अनुरोध पर सवाल किया गया था। इस पर रिजिजू ने कहा, 'मैं राहुल पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। वे अनुशासहीन हैं और उनके बारे में कुछ भी अनुमान लगाना मुश्किल है। वह कुछ भी बोल सकते हैं और किसी भी शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं, भले वह उनके लिए भी अच्छा न हो।' चीन मामले में संसद में चर्चा की कांग्रेस की मांग को लेकर रिजिजू ने कहा कि 2005 में जब हम 'भाजपा' विपक्ष में थे, तब हमने चीन सीमा मामला उठाने की कोशिश की थी।

यूपी में कोहरे का कहर, गोरखपुर में भिड़ीं एक दर्जन गाड़ियां, सड़क पर मची चीख-पुकार, 11 लोग घायल

गोरखपुर। गोरखपुर जिले के गीडा क्षेत्र के तेनूआ टोल प्लाजा से बाघागाडा फोरलेन के बीच बुधवार को एक दर्जन से अधिक गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। एक बस पलट गई। हादसे में 11 यात्री घायल हो गए। इस दौरान सड़क पर घालयों की चीख-पुकार मच गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। अन्य यात्रियों को दूसरे वाहन से उनके गंतव्य को भेजा गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की भोर में घने कोहरे के चलते लखनऊ से देवरिया, कुशीनगर और बिहार की तरफ जा रही एक दर्जन से अधिक गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 11 यात्री घायल हो गए। मौके पर घायलों में चीख-पुकार मच गई। रोते-बिलखते लोगों की आवाज सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सहजनवा भिजवाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया। घायलों में से बिहार के घायल छह लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वाहनों में एक बस भी पलट गई। इसमें सवार यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। जिनका मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया की आपस में टकराई वाहनों को फोरलेन से हटवाकर आवागमन चालू कर दिया गया है। यात्रियों को दूसरे वाहनों से उनके घर भेज दिया गया है। घायल हुए लोगों का सीएचसी से लेकर जिला अस्पताल तक उपचार कराकर उनके स्वजन को जानकारी देते हुए घर भेज दिया गया है। किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश सरकार ने रोडवेज की बसों को रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक चलने पर रोक लगा दी है। वाहनों के आपस में भिड़ने की सूचना पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा नाथ, गीडा पुलिस, सीओ कैंपियरगंज श्याम देव बिंद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जेल से बाहर आने के लिए अनिल देशमुख को करना होगा इंतजार

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को भ्रष्टाचार मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को जमानत देने के अपने आदेश पर रोक 27 दिसंबर तक बढ़ा दी। इस मामले में देशमुख के खिलाफ सीबीआई जांच चल रही है। बॉम्बे हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 12 दिसंबर को 73 वर्षीय एनसीपी नेता देशमुख को भ्रष्टाचार के मामले में जमानत दे दी थी। लेकिन पीठ ने कहा था कि यह आदेश 10 दिनों के बाद प्रभावी होगा, क्योंकि सीबीआई ने इस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देने के लिए समय मांगा था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन याचिका पर अवकाश के बाद जनवरी 2023 में ही सुनवाई होगी। सीबीआई ने मंगलवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अनिल सिंह के जरिए हाईकोर्ट से देशमुख की जमानत पर रोक तीन जनवरी तक बढ़ाने का आग्रह किया था। सिंह ने कहा था कि न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की अदालत ने देखमुश को जमानत दी थी लेकिन यह प्रभावी नहीं हुई थी। दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट में अवकाश पीठ नहीं है। इसलिए आदेश को तीन जनवरी तक बढ़ाया जा सकता है। जब अदालत ने मामले को बुधवार को सुनने के लिए कहा, तो एएसजी ने पीठ से जमानत के आदेश पर रोक को उचित समय तक बढ़ाने का आग्रह किया। हालांकि, देशमुख के वकील अनिकेत निकम ने कहा कि सीबीआई के पास शीर्ष अदालत में अवकाश रजिस्ट्रार से संपर्क करने की पहुंच है। लेकिन जांच एजेंसी इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहती है। निकम ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल की स्वतंत्रता एक और दिन के लिए क्यों रोकी जाए, जब उन्हें सुनवाई के बाद जमानत दी गई है। एएसजी सिंह ने इसका जवाब देते हुए कहा कि सीबीआई के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री से संपर्क किया था, लेकिन मामले को सूचीबद्ध करना बहुत मुश्किल है।

संपादकीय

पारिस्थितिकी संरक्षण

इसमें सबसे जरूरी पहलू है कि अगर पर्याप्त भूमि और जल को संरक्षित कर लिया जाए तो बड़े संकटों का सामना करना आसान हो जाएगा। इस लिहाज से सोमवार को एक बेहद अहम पहलकदमी तब सामने आई, जब कनाडा के मांट्रियल में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (काप-15) में शामिल देशों के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। इसके तहत बनी सहमति इस दशक के अंत तक विश्व भर में तीस फीसद भूमि, तटीय इलाकों और अंतदेर्शीय जलक्षेत्र के संरक्षण का लक्ष्य पूरा कर लेगी। साथ ही खाद्यान्न की बबार्दी में भी पचास फीसद कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। जाहिर है, दुनिया की बढ़ती आबादी और जरूरतों के बीच विकास के विभिन्न प्रारूपों की वजह से धरती पर असंतुलन न हो, इसके लिए पहले से ही जरूरी संसाधनों का संरक्षण अगर नहीं किया गया, तो इसका खमियाजा सबसे ज्यादा मनुष्य को ही उठाना पड़ेगा। कहा जा सकता है कि इस मसले पर बनी सहमति भविष्य के संकट से बचने की दिशा में एक जरूरी कवायद है। मगर यह देखने की बात होगी कि इस पर वास्तव में अमल किस स्तर तक हो पाता है। दरअसल, काप-15 की अध्यक्षता कर रहे चीन की ओर से एक मसविदा जारी किया गया, जिसमें 2030 तक जैव विविधता के लिए अहम माने जाने वाली कम से कम तीस फीसद भूमि और इसके साथ-साथ जल के संरक्षण का भी आह्वान किया गया था। फिलहाल सत्रह फीसद भूमि और दस फीसद समुद्री क्षेत्र संरक्षित दायरे में माने जाते हैं। मसविदे में पृथ्वी पर विभिन्न लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के गंभीर और घातक असर के साथ प्रदूषण को कम करने के लिए की जाने वाली कोशिशों में और तेजी लाने की बात भी कही गई है। स्वाभाविक ही विकासशील देशों के सामने इस दिशा में ठोस पहल करने के लिए सबसे बड़ी चुनौती धन की होगी। मगर इस सम्मेलन में सहमति बनी है कि दुनिया में भूमि और जल संरक्षण सहित जैव विविधता को बचाने के लिए विकासशील देशों को धन मुहैया कराने के जरूरी उपाय किए जाएंगे। निश्चित रूप से इसमें जैव विविधता को बचाने के लिए एक तरह से समावेशी दृष्टिकोण की जगह बनाई गई है। धरती पर सभ्यता के बदलते दौर और उसमें तमामों जीवों और प्रकृति के उपादानों का सह-अस्तित्व खुद मनुष्य के जीवन के लिए कितना अनिवार्य रहा है, यह एक जगजाहिर तथ्य है। लेकिन मनुष्य जीवन के बदलते स्वरूप, प्राकृतिक उतार-चढ़ाव और इसके समांतर विकास के नाम पर चलने वाली गतिविधियों की वजह से बहुत सारे जीव-जंतु या तो विलुप्त हो गए या फिर अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। सभी जीव एक-दूसरे पर निर्भर और पारिस्थितिकी चक्र में परस्पर गुंथे हुए हैं। ऐसे में अगर भविष्य में धरती पर जैव विविधता को बचाने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो एक के अभाव में दूसरे का बचना मुमकिन नहीं होगा। इसमें स्वाभाविक ही भूमि और जल का संरक्षण प्राथमिक होगा। इसके अलावा, भोजन की बबार्दी को रोकना भी इसी के समांतर महत्त्व का मुद्दा है। मौजूदा समय में जिस तरह पानी के अभाव से लेकर प्रदूषण तक की समस्या पैदा हो गई है, उसमें संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (काप-15) में बनी सहमति निःसंदेह बहुत महत्त्वपूर्ण है।

होगा रखना ध्यान!

बढ़ रहे हैं केस ।
होगा रखना ध्यान ।।
बरतें सावधानी ।
बड़ी कीमती जान ।।
लेकिन ना घबराना ।
रहना करते काम ।।
फैल रहीं अफवाहें ।
भले जो तमाम ।।
समझें जिम्मेदारी ।
है रहना तैयार ।।
करें मास्क प्रयोग ।
है यही उपकार ।।
पता है सभी को ।
कैसे होगा रहना ।।
बिगड़ी अगर बात ।
ना फिर कुछ भी कहना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

सऊदी अरब में चीन की पैठ

जाहिर है, खाड़ी देशों का तेल से अलग होकर सोचना अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप के लिए सुविधा और संपन्नता के द्वार बंद होने जैसा है। वहीं चीन का उभार मानवीय मूल्यों की कब्रगाह पर ऊंची अट्टालिकाएं खड़ी करने जैसा होगा। यह दुनिया की नई कूटनीतिक प्रतिज्ञा है, जिसमें एक-दूसरे का व्यापक रणनीतिक और आर्थिक सहयोग तो किया जा सकता है, लेकिन वैचारिक स्तर पर यह अपेक्षा की जाती है कि कोई किसी भी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करे। चीन के राष्ट्रपति का सऊदी अरब में ऐतिहासिक स्वागत हुआ, दोनों देशों के बीच कई समझौते भी हुए और इन सबके बीच चीन ने वन चाइना नीति पर सऊदी अरब का समर्थन जुटाते हुए यह भी साफ किया की दोनों देश एक-दूसरे के आंतरिक मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने आर्थिक आजादी में राजनीतिक आजादी के अवसर बनने का दावा करते हुए एक बार कहा था कि जब लोगों के पास सिर्फ सपने देखने की नहीं, सपनों को पूरा करने की भी आजादी होगी, तब वे चाहेंगे कि उनकी बात भी सुनी जाए। क्लिंटन ने चीन के साम्यवादी शासन की कठोरता के शिथिल होने की उम्मीद जताई थी। मगर चीन ने अमेरिका और यूरोप के उदार शासन की मान्यताओं को पीछे छोड़ते हुए राजनीतिक नियंत्रण की व्यवस्था से ही दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का मुकाम हासिल कर लिया है। उसका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भी तय है। इन सबके बीच चीनी विचारधारा आर्थिक फायदों की नई विश्व व्यवस्था का ऐसा जाल बुनने में सफल होती दिख रही है, जहां मानवीय मूल्यों को रौंदने की आजादी होगी और उसका प्रतिरोध करने वाली एजेंसियां या देश चुप रहने पर मजबूर कर दिए जाएंगे।

इस्लामी दुनिया की चीन को लेकर खामोशी बेहद रहस्यमय रही है और अब उसका असर भी सामने आने लगा है। दरअसल, 2018 में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अमेरिका के निशाने पर थे, लेकिन चीन और सऊदी अरब जैसे देशों में मानवाधिकार के मुद्दे कभी केंद्र में रहे ही नहीं। सऊदी अरब विकास तो करना चाहता है, लेकिन अभिव्यक्ति और अल्पसंख्यकों की आजादी पर उसका रुख चीन की शासन प्रणाली से मेल खाता है। सऊदी अरब अमेरिका से हथियारों का बड़ा खरीददार रहा है, मगर पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका की नीति ने उसे असहज किया। यमन में शांति स्थापित करने के लिए बाइडेन प्रशासन ने फरवरी 2021 में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के लिए हथियारों को लेकर किए सौदों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया, जो ईरान की प्रतिद्वंद्विता के चलते सऊदी अरब के लिए अप्रत्याशित था। अमेरिका की कई एजेंसियां भी सऊदी अरब पर दबाव डालती रही हैं।

अमेरिकी सरकार की एजेंसी यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन आन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम ने धार्मिक आजादी के उल्लंघन के लिहाज से सबसे चिंताजनक देशों की काली सूची में सऊदी अरब का नाम शामिल किया है। सऊदी अरब पर आरोप है कि वह इस्लाम के अलावा किसी अन्य धर्म के पूजा स्थलों के निर्माण को प्रतिबंधित करता है। सऊदी अरब में शिया मुसलमानों को शिक्षा, रोजगार और न्यायपालिका में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही सेना और सरकार के उच्च पदों तक उनकी पहुंच नहीं है और सरकारी संस्थाएं अब भी इन इलाकों में शिया समुदाय के धार्मिक आह्वान पर रोक लगाए हुए हैं। हाल के वर्षों में सऊदी अरब ने अपने सामरिक और आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए अमेरिका के मूल्य आधारित संबंधों से आगे देखने की जरूरत महसूस की और उसे चीन में संभावनाएं बेहतर दिखीं। सऊदी अरब रूस के साथ अपने संबंधों को पुनर्जीवित कर रहा है और चीन के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बना रहा है, जो अमेरिका के सामरिक प्रतिस्पर्धी हैं।

चीन बेल्ट ऐंड रोड प्रोजेक्ट की महत्त्वाकांक्षाओं को साकार रूप देने के लिए कृतसंकल्प है और वह करीब बीस अरब देशों से समझौते कर चुका है। इसमें ऊर्जा और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में दो सौ से ज्यादा परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तथा चीन और अरब देशों के बीच साझा व्यापार नई ऊंचाइयां छू रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान तेल की कम आपूर्ति से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं और इसका असर पश्चिमी देशों पर पड़ रहा है। वहीं सऊदी अरब ने चीन को कच्चे तेल की सबसे अधिक आपूर्ति की है। चीन सऊदी अरब को इस बात के लिए भी राजी करने की कोशिश कर रहा है कि कुछ व्यापार के लिए भुगतान की मुद्रा डालर के बजाय युआन यानी चीनी मुद्रा में हो। इसका अर्थ साफ है कि चीन के इरादे डालर प्रभाव को कम करने तथा युआन को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने की ओर बढ़ रहे हैं। चीन और अरब देशों की दोस्ती तेल आपूर्ति से कहीं आगे अब हथियार और सैन्य सामान की खरीद तक पहुंच चुकी है। सऊदी अरब और यूएई ने चीन से सैन्य उपकरणों का सौदा किया है, जिसमें हथियारबंद ड्रोन तैयार करने का सौदा अहम है। सऊदी अरब ने बाइडेन की तेल का उत्पादन बढ़ाने की अपील को दरकिनार कर रूस के प्रतिनिधित्व वाले ओपेक प्लस के साथ मिलकर प्रतिदिन बीस लाख बैरल तेल का उत्पादन घटाने का फैसला कर पश्चिमी देशों की चिंता बढ़ा दी है। सऊदी अरब और चीन की बढ़ती नजदीकियां अमेरिका की एशिया केंद्रित नीति के लिए झटका है। मध्यपूर्व के देशों की तेल आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियां कम नहीं हैं। यहां आपसी प्रतिद्वंद्विता के चलते कई देश गृहयुद्ध की आग में झुलस रहे हैं और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बार-बार क्षतिग्रस्त करने से इन देशों की आर्थिक समस्याओं में इजाफा हुआ है। मध्यपूर्व एशिया में चीन का रेल और सड़क का जाल पिछड़े हुए इलाकों में विकास की नई रोशनी दिखा रहा है। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से ही अमेरिका की कोशिश रही है कि तेल के भंडार से उनको लगातार, बिना किसी परेशानी के तेल मिलता रहे और तेल उत्पादन और उसकी बिक्री बिना किस रुकावट के चलती रहे। इसलिए अमेरिका ने 1950 के दशक से ही कई देशों की अंदरूनी राजनीति में दखल देना शुरू कर दिया। इसके परिणाम स्वरूप जहां मध्यपूर्व में अशांति फैली, वहीं अमेरिका को लेकर इन क्षेत्रों में नाराजगी भी बढ़ गई।

बेटियों को विरासत नही चाहिए !!
शादी के बाद हर लड़की चाहती है !!
की उसके पिठ पीछे मायके की एक मजबूत दीवार हो !!
कुछ ना भी मिले फिर भी !!
ऐ एहसास हो मेरे मायके वाले मेरे साथ हैं !!
तीज त्योहार पर मायके से कोई आये !!
साड़ी कपड़े मिठाईयों के साथ !!
ससुराल में गर्व से बोलती हैं !!
मेरे मायके से आया है !!
मायके से एक बटोहिया भी आ जाये तो !!
लगता हैं पुरा मायका आ गया !!
खिचडी.पर माँ भेजती है !!
चुरा और लड्डुओं की टोकरी !!
बच्चों के लिए भी कपड़े !!
पैसे के साथ एक चिठ्ठी भी भेजती है !!
दामाद जी के लिए कपड़े ले लेना !!
उनकी पसंद से !!
खुशी से आँसू छलक जाते हैं !!
जब माँ के भेजे चिठ्ठी पढ़ती हैं !!
बेटियों को विरासत नही चाहिए !!
वो तो एक पोटली से ही खुश हो जाती हैं !!
माँ बाप के प्यार और भईया की दुलार !!
और कुछ नहीं मांगती हैं !!
मायके की दीवार चाहती है !!
खुद सुरक्षित महसूस करती हैं !!
किसी बात पर रुठ कर बोलती हैं !!
मै अपने माँ के घर चली जाऊंगी !!
सब कुछ भुल जाती हैं !!
मायके से जब कोई आता हैं !!

लेखिका
मीना सिंह राठौर
नोएडा उत्तर प्रदेश

परवरिश का परिवेश

एक शोध के मुताबिक लगभग साठ फीसद बच्चे अपने माता-पिता या अभिभावक को अपने विचार सोलह आना सच नहीं बता पाते और उसका परिणाम होता है माता-पिता में अनुमान लगाने या बच्चे के लिए गलतफहमी तैयार कर लेने की मानसिकता। फिर एक संघर्ष आरंभ हो जाता है। बच्चे भी धीरे-धीरे अपने चेहरे पर मुखौटा पहनना सीख लेते हैं। तब ऐसा होता है कि नकारात्मक खबरें आती है, जैसे कि बच्चे ने कक्षा में अपने मित्र को किसी हथियार से मार दिया या वह किशोर हुआ तो माता-पिता पर हाथ उठाने लगा, अपराध करने लगा, नशे में रहने लगा आदि।

आजकल अभिभावकों की दशा भी सुखद और सामान्य कतई नहीं है। स्कूल या कोचिंग में हर जगह तकनीक प्रभाव और घर पर एकाकी जीवनशैली वाली बेहद तनावपूर्ण जिंदगी में बच्चे आमतौर पर सुकून में नहीं हैं। दस में सात बच्चे चिड़चिड़े और गुस्सैल किशोर होते-होते भटकते जा रहे हैं। बच्चों को अनुशासित करने के लिए अभिभावक भी सब जगह शोर-शराबा करके किसी मनोवैज्ञानिक या सलाहकार की शरण लेते हैं, जो कई बार उनके बच्चे को अपमानित करने वाला साबित हो सकता है। अभिभावक यह कहकर खुश हो सकते हैं कि हम अच्छा खिलाते और पहनाते हैं, पर इससे बच्चे का पूरा व्यक्तित्व नहीं बनता। वह आपकी देखभाल और आचरण से खुद ही परिपक्व हो जाएगा। एक बार एक कस्बे की यात्रा के दौरान एक परिवार को देखा कि वहां बच्चे के मस्तक या माथे पर चुंबन देने के लिए अभिभावक किसी मुहूर्त की प्रतीक्षा नहीं करते। वे हर समय ही भरपूर प्यार लुटाते हैं और जब भी उनके बच्चो को समय हो तो पंछियों को पानी देने या दाना खिलाने को कहते हैं। पता लगा कि उनकी देखादेखी पड़ोस में बाकी लोग भी करने लगे और सचमुच उनके बच्चे में भी बदलाव आने लगा।

दरअसल, बहुत कीमती प्ले स्कूल, महंगा खिलौना, पार्क की सैर या बेशकीमती चाकलेट की जगह बच्चे के मन की बात सुनकर भी उसका गुस्सा कम किया जा सकता है। बच्चे तब ज्यादा चिड़चिड़े हो जाते हैं, जब उनकी बात को माता-पिता सुनते नहीं हैं। बाल मनोवैज्ञानिक कैलस डिथो और थार्नडाइक ने प्रयोग किया कि बेहद शोर करने वाले और जिद्दी बच्चों को अक्सर इनाम दिए गए जब वे कुछ न कुछ कहानी या घटना सुनाते थे। धीरे-धीरे यह सकारात्मक असर हुआ कि चीखने वाले सभी बच्चे एकदम सामान्य और सहज होते चले गए। कारण यही था कि घर में उनको सब कुछ मिल जाता था, पर उनके किसी अनुभव या उनकी दो पंक्तियों की बात को कोई ठहर कर सुनता नहीं था। बाल मनोवैज्ञानिक दावा करते है कि जब जब अभिभावक बच्चों की छोटी-बड़ी बात पर गौर करने लगेंगे, तो उनका उग्र और शरारती स्वभाव शांत होगा। इसके अलावा, जिन बच्चों की नींद अच्छी तरह से पूरी होती है, उनमें गुस्सा कम होता है। व्यायाम करने, खेलने-कूदने हंसने या उत्साहित होने से बच्चों का गुस्सा कम हो जाता है। बच्चे के मानसिक और शारीरिक बदलाव को माता-पिता समझेंगे, तो उन्हें उन पर विश्वास हो सकेगा, वे उग्र नहीं बनेंगे। बाल मनोवैज्ञानिक एमिली कैथरीन कहती हैं कि अपने बच्चे को यह जताएं कि वे जैसे हैं, उसी रूप में आप उनसे प्यार करते हैं।

नसीहत देने के बजाय उसकी पूरी बात सुनें। फिर देखिए कैसे वे खुद ही आकर अपनी भावनाओं, मन की बात आपसे साझा करेंगे। इससे उनका मनोबल भी बढ़ेगा कि जब भी वे किसी मुसीबत में होंगे, तो आप उनके लिए हमेशा खड़े होंगे। मनोवैज्ञानिक एडलर कहते हैं कि हर बार अपमानित करने या चुभने वाले शब्दों का प्रयोग बच्चों को आपसे दूर तो करता ही है, साथ ही वे खुद के भीतर एक कुंठित भावना विकसित कर लेते हैं। जबकि सहजता से सकारात्मक या सामान्य शब्द बच्चों को आत्मविश्वासी, खुश होने के साथ अच्छा बर्ताव करने में मददगार होते हैं। उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। इससे उन्हें बड़े होकर कड़ी मेहनत करने और सफलता पाने में आसानी होती है। बच्चों को अधिक रोकने-टोकने से वे और भी ज्यादा बदमाशियां करते हैं। अपनी मर्जी से वे जो भी करना चाहते हैं, थोड़ी देर के लिए ऐसा करने देना चाहिए। जब उनका मन भर जाएगा, तो खुद ब खुद उस काम को करना बंद कर देंगे। उन्हें डांटने की बजाय प्यार से समझाने की जरूरत होती है। एक अभिभावक बच्चों की पसंद से खिलौने खरीद रहे थे। एक हथौड़ा, प्लास्टिक के गिलास, छोटे-छोटे बैग और बहुत सारे डब्बे। बाद में पता लगा कि मजबूत हथौड़ा कील ठोंकने के लिए, डिब्बे गौरैया का घोंसला बनाने के लिए, गिलास पंछी के लिए पानी भरकर रखने के लिए खरीदा गया था। ये बच्चे इतने समझदार इसलिए हुए कि उनके अभिभावक ने परवरिश इतनी शानदार ढंग से की थी। बच्चे बस यह भरोसा चाहते है कि आप उनको बवाल, मुसीबत या जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अपना हिस्सा मानते हैं। हजारों रुपए की चाकलेट नहीं, आपके बच्चे को प्यार और लगाव भरा आलिंगन चाहिए।

धीरे-धीरे पटरी पर आ गयी है भारत सरकार की अफगानिस्तान नीति

पिछले साल काबुल पर तालिबान का कब्जा होते ही भारत सरकार बिल्कुल हतप्रभ हो गई थी। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? हमारे विदेश मंत्री ने कहा था कि हम बैठे हैं और देख रहे हैं। उसी समय मैंने तालिबान के कब्जे के एक-दो दिन पहले ही लिखा था कि भारत सरकार को अत्यंत सतर्क रहने की जरूरत है लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे कुछ अनुभवी अफसरों की पहल पर भारत सरकार ने ठीक रास्ता पकड़ लिया। उसने दोहा (कतर) में स्थित तालिबानी तत्वों से संपर्क बढ़ाया, अफगानिस्तान को हजारों टन गेहूं और दवाइयां भेजने की घोषणा की और तालिबान सरकार से भी संवाद किया। काबुल स्थित अपने दूतावास को भी सक्रिय कर दिया।

उधर तालिबान नेताओं और प्रवक्ता ने भारत की मदद का आभार माना, हालांकि भारत सरकार ने उनकी सरकार को कोई मान्यता नहीं दी है। इस बीच, इस साल जनवरी में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य एशिया के पांचों गणतंत्रों के मुखियाओं के साथ सीधा संवाद भी कायम किया था। उन्होंने शांघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में अफगानिस्तान के बारे में भारत की चिंता को व्यक्त किया था। अफगानिस्तान में आतंकवादी शक्तियां अब ज्यादा सक्रिय न हो जाएं, इस दृष्टि से भारत ने कई पड़ोसी देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन भी किया था लेकिन हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित दोभाल बधाई के पात्र हैं कि जिन्होंने नई दिल्ली में हाल ही में पांचों मध्य एशिया राष्ट्रों– तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान, उजबेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किरगिजिस्तान– के सुरक्षा सलाहकारों का पहला सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में मुख्य विषय यही था कि अफगानिस्तान को आतंकवाद का अड्डा बनने से कैसे रोका जाए? पाकिस्तान के ज्यादातर आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान के कबाइली इलाकों से अपना जाल फैलाते हैं। न पाकिस्तान और न ही अफगान सरकार उन पर काबू कर पाती है। उनकी शक्ति का असली स्त्रोत वह पैसा ही है, जो इस्लामी देशों से आता है और अफीम की खेती है। सभी सुरक्षा सलाहकारों ने इन स्त्रोतों पर कड़ी रोक लगाने की घोषणा की है। सभी प्रतिनिधियों ने तालिबान सरकार से मांग की है कि वह इन आतंकियों को किसी भी तरह की सुविधा न लेने दे। अपने इस आग्रह को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव न. 2593 के अनुसार ही बताया है।

भारत सरकार की इस पहल का कुछ न कुछ ठोस असर जरूर होगा लेकिन यह तो तात्कालिक समस्या का तात्कालिक उपचार है। फिलहाल जरूरत है, संपूर्ण दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के राष्ट्रों के बीच यूरोपीय संघ की तरह एक साझी संसद, साझी न्यायपालिका, साझा बाजार, साझी मुद्रा, मुक्त व्यापार और मुक्त आवागमन की व्यवस्था कायम हो। यदि भारत इसकी पहल नहीं करेगा तो कौन करेगा? सरकारें करें या न करें, इन देशों की जनता, जिसमें ईरान, म्यांमार और मॉरिशस को भी शामिल कर लें तो इन 16 राष्ट्रों को मिलाकर ह्यजन-दक्षेसह्न नामक संगठन के जरिए एक युगांतरकारी संगठन खड़ा किया जा सकता है। यदि भारत की पहल पर यह संगठन बन गया तो एशिया अपने 10 वर्षों में ही यूरोप से अधिक समृद्ध हो सकता है।

हत्या के दो आरोपियों को चौबेपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रखर चौबेपुर वाराणसी। चौबेपुर स्थानीय पुलिस ने 23 नवंबर को चौबेपुर बाजार में लाठी डंडे से पिट पिट कर निर्दई से अमित खैरवार की हत्या कर दी गई थी चौबेपुर पुलिस ने आरोपियों को सुंगुलपुर ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंश जायसवाल उम्र 20 वर्ष पुत्र अनमोल जयसवाल निवासी चौबेपुर, दुसरा गोपाल वर्मा उर्फ मछली उम्र 21 वर्ष निवासी गौरा ऊपरवार को सुंगुलपुर गांव के पास ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया है।विदित है कि 23 नवंबर को बहादुरपुर गांव निवासी अमित खैरवार चौबेपुर बी डी आर लॉन में भोजन कर अपने घर के लिये लौट रहा था। वहा रात्रि लगभग आठ बजे आधा दर्जन हमलावरों ने लाठी डंडे से मारकर अधमरा कर दिया था।परिजन पहले छ लोगो के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दूसरे दिन मृत्यु हो गया उसके बाद चौबेपुर के ग्राम प्रधान राघवेंद्र जयसवाल उर्फ गोलू सहित सात लोगो के विरुद्ध हत्या व हरिजन उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया जिस पर पुलिस ने पहले ही ग्राम प्रधान राघवेंद्र जायसवाल उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दो अभियुक्तों को बुधवार को गिरफ्तार कर के पुलिस ने जेल भेज दिया।

पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

प्रखर चौबेपुर वाराणसी। चौबेपुर स्थानीय बाजार के पुराने बस स्टैंड पर जल निगम की पाइप लगभग 15 दिन से फटी हुई है। इसके चलते सड़क पर रोजाना हजारों लीटर पानी बेवजह बह कर बर्बाद हो रहा है। इसके कारड़ सड़क पर एक बड़ा गड्ढा जलाशय में तब्दील हो गया है। क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाया कि इसकी शिकायत जल निगम के अधिकारियों से कई बार की, लेकिन जल ही जीवन है का नारा देने वाली विभाग मौन धारण किए हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि एक तो इस गांव के अंतिम छोर तक जल निगम का पानी नहीं पहुंच पाता है, ऊपर से पाइप लाइन फटने से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। लोग उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। इस सड़क को अभी हाल में केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे द्वारा करोड़ो रुपए खर्च कर बनवाया गया है। पानी बहने से नया सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रहा है। दुकानदार गणेश मोदनवाल व संजय चौरसिया,अमित सेठ ने बताया कि इस संबंध में जल निगम में शिकायत भी की, लेकिन विभाग द्वारा अभी तक सही नहीं कराया गया। बस स्टैंड पर जल जमाव होने के कारण गड्ढा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके चलते आए दिन बाइक सवार असंतुलित होकर गिरते रहते हैं। लोगों में डर बना रहता है कि कोई बड़ी घटना न हो जाए।

जन चौपाल लगाकर उपजिधिकारी ने सुनी लोगों की समस्या

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के बीरीबारी गांव में स्थित अटल मनरेगा पार्क में बुधवार की दोपहर में जिला विकास अधिकारी बी. बी.सिंह की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे उपजिलाधिकारी माज अख्तर ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई वहीं लोगों की समस्याओं को भी सुनकर निराकरण का प्रयास किया गया।कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी के के सिंह ने बताया कि जिन किसानों को किसान सम्मान निधि नहीं मिल पाई है।वे पोर्टल पर जाकर त्रुटियों की सही करा लें।राजकीय बीज गोदाम पर बीज उपलब्ध है वहां से अनुदान पर बीज प्राप्त कर लें।स्वयं सहायता समूहों का आय बढ़ाने का उपाय बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि समूह से जुड़े लोग जुट के झोले,मिट्टी के बर्तन सहित लोगों के दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाकर आय बढ़ा सकते हैं।उपायुक्त मनरेगा ने मनरेगा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।कृषि विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टाल भी लगाया था।इस अवसर पर जिला प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव,डिप्टी सीएमओ डॉ. तपेश कुमार, बीडीओ डॉ. छोटेलाल तिवारी, डॉ. प्रिंस मोदी,प्रधान आलोक सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान नेताओं ने दिया जिला अधिकारी को पत्रक

प्रखर मिजार्पुर। विकास भवन के सभागार में पथरहिया मिजार्पुर मे किसान दिवस में जनपद के किसानों ने समस्याओं को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, सीडीओ बीएस लक्ष्मी ,कृषि निदेशक अशोक उपाध्याय, डीएफओ को अवगत कराया जिसमें जनपद के समस्त अधिकारियों के समक्ष भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव प्रह्लाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी ने बिंदुवार रखा जिसमें धान खरीदी का मुद्दा छाया रहा, कही घटतौली तो कही अनियमितता पाई गई जिस पर जिलाधिकारी महोदया ने सख्त लहजे मे निर्देश दिया की जहां शिकायत हों उसकी जांच कराई जाएगी, और धान खरीद को देखते हुए जनपद के 50 केंद्रों पर एक काटा और बढ़ाने का निर्देश दिया, सिंचाई के मुद्दे पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि रवि के सिंचाई के लिए सभी अधिकारीयो को निर्देशित किया कि नहरों की सफाई हेतु टेल तक करा कर किसानों को सिंचाई कराए। जनपद के सभी क्षेत्रों से किसानों ने समस्याओं का रखा जिसमें मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्री शिवप्रसाद सिंह अवधेश सिंह, सुखनंदन दूबे, सेनानायक परशुराम मौर्या जिला सचिव राम सिंगार सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी तहसील अध्यक्ष लालगंज इंजीनियर बीडी सिंह तहसील प्रवक्ता बृजराज सिंह राजू, युवा जिला उपाध्यक्ष अमृतेश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष लालगंज कुणाल पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष हलिया ओमप्रकाश सिंह, भोलानाथ गिरी, राम सूरत सिंह , जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान अरविंद सिंह जितेंद्र सिंह, लल्लन सिंह, पप्पूसिंह रहे।

देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस संग अपराधी गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों व अवैध शस्त्र के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह थाना कोतवाली गाजीपुर के निर्देशन मे बुधवार को उस्त्र निरीक्षक देवेन्द्र बहादुर, हेड कांस्टेबल रामप्रवेश यादव व कांस्टेबल देवानन्द, कांस्टेबल अभिषेक पाण्डेय द्वारा समय करीब 6.10 बजे बुद्धा विशेश्वरगंज पुल थाना कोतवाली गाजीपुर के पास से अभियुक्त भजन बिन्द 24वर्ष पुत्र हरीगोविन्द बिन्द निवासी मिश्रवलिया थाना कोतवाली गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से अवैध एक देशी तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ । जिसके सम्बन्ध मे अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाने पर आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर बनाम भजन बिन्द पुत्र हरीगोविन्द बिन्द निवासी मिश्रवलिया थाना कोतवाली गाजीपुर पंजीकृत किया गया । अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाले पुलस टीम में उप निरीक्षक देवेन्द्र बहादुर सिंह हेड कांस्टेबल रामप्रवेश यादव थाना कोतवाली गाजीपुर, कांस्टेबल से देवानन्द थाना कोतवाली, अभिषेक पाण्डेय थाना कोतवाली गाजीपुर शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

कोतवाली थाना प्रभारी ने पैदल गस्त करके कराया सुरक्षा का एहसास

प्रखर गोरखपुर। पुलिस जब सड़क पर होती है तो लोग को सुरक्षा का एहसास होता है। वजह साफ है कि चोर उचक्के, टप्पेबाज, चैन स्नेचर समेत तमाम संदिग्ध पुलिस को देखते हैं छुपने लगते हैं। पुलिस की निगाह जब इन संदिग्धों पर पड़ेगी तो यह धर दबोच लिए जाएंगे ऐसे में सड़क पर उतर कर पुलिस लोगों को सुरक्षा का एहसास कराने के साथी संदिग्धों पर नजर रहती है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के आदेश व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के पर्यवेक्षक व क्षेत्राधिकारी कोतवाली रत्नेश्वर सिंह कि कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए कोतवाली थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा आज शाम को उप निरीक्षक अरविंद राय उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह समेत अपने हमराह पुरुष व महिला सिपाहियों के साथ पैदल गस्त करके लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा ने व्यापारियों से संवाद स्थापित करके उनका हालचाल पूछा। कोतवाली थाना प्रभारी नखास चौक घोष कंपनी टाउन हॉल विजय चौराहा समेत विभिन्न क्षेत्रों का पैदल गस्त करके संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु से लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा। पैदल गश्त के दौरान सड़क पर अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों को हटाने का भी निर्देश दिया।

घने कोहरे की वजह से गीडा थानाक्षेत्र के बाघागाड़ा फोरलेन पर लड़ी कई गाड़िया

प्रखर गोरखपुर। गीडा थानाक्षेत्र के बघागाड़ा फोरलेन पर घनेकोहरे की वजह से कई गाड़िया आपस मे लड़ीं मंगलवार की देर शाम शासन ने परिवहन विभाग की सभी बसों के संचालन पर 11 बजे के बाद रोक लगा दी लेकिन कोहरा इतना बढ़ जा रहा है कि कई गाड़िया संतुलन खोकर आपस मे लड़ जा रही है बुधवार को गाड़िया आपस मे लड़ने की सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य धीरज साहनी ने मौके पर पहुँचकर पुलिस को सूचना देकर घायल ब्यक्तियो को जिला अस्पताल पहुँचाया।

गोरक्ष प्रांत महामंत्री अवधलाल के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

प्रखर मेहनगर आजमगढ़। स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत भीखमपुर गांव निवासी व मिशनमोदी गोरक्ष प्रांत महामंत्री के पिता दुईज राम उम्र 67 वर्ष की हृदयगति रुकने से सोमवार को निधन हो गया। निधन की सूचना पाते ही लोगो ने महामंत्री के घर पहुचकर सांत्वना देने वाले लोगो का तांता लगा रहा। इनका दाहसंस्कार औड़िहार के गंगा घाट पर किया गया।

वांछित अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

प्रखर ब्यूरो मुहम्मदाबाद/यूसुफपुर/गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में अपराधों की रोकथाम तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह अपने हमराहीओं के साथ हेड कांस्टेबल दीपक कुमार मिश्रा के साथ गश्त पर थे। कस्बा चीता के कर्मचारीगण हेड कांस्टेबल अंबिका प्रसाद, कृष्ण कुमार भी क्षेत्र में घूम रहे थे। जब वे तहसील तिराहा पर पहुंचे तो मुखबिर खास ने उन्हें सूचना दिया कि मुकदमा अपराध संख्या 282 / 2022 धारा 3 / 5 / 8 ए गोवध निवारण अधिनियम 307 / 353 भारतीय दंड विधान धारा 4 / 25 आर्म्स एक्ट केस से संबंधित अभियुक्त रेलवे स्टेशन के गेट पर मौजूद हैं। वे कहीं भागने की फिराक में है। यदि शीघ्रता किया जाए तो उनको पकड़ा जा सकता है। सूचना पाकर चौकी प्रभारी मुखबिर के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे ।वहां गेट से कुछ ही दूर पहले ही मुखबिर ने अभियुक्तों की तरफ इशारा करके बता दिया। इसके बाद मुखबिर हट गया ।पुलिस वालों ने एक बारगी दबिश देकर रेलवे स्टेशन के गेट पर खड़े व्यक्ति को पकड़ लिया तथा व्यक्ति से नाम पता पूछने पर व्यक्ति ने अपने आपको निवासी जफर पुरा वार्ड नंबर 23 साहिल कुरैशी पुत्र कामू कुरैशी तथा दूसरे ने कामू कुरैशी पुत्र अलीम कुरैशी बताया पुलिस ने उन्हें उनके अपराध से अवगत कराते हुए कोतवाली लाई और विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक हुई सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर के अध्यक्षता में विभागीय समस्याओं को लेकर के कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक कर समस्याओं से अवगत हुए। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा वार्ता के क्रम में पटल सहायकों के हो रही कठिनाइयों के बारे में अवगत कराया गया और 2 कर्मचारियों को पदोन्नत और एसीपी के बारे में चर्चा की गई। जिस के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर द्वारा अस्वस्थ किया गया कि बहुत जल्द रिक्त पदों पर कर्मचारियों को पदोन्नत कर दिया जाएगा और जनवरी माह में एसी0पी0 स्वीकृत कर दी जाएगी। वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के निस्तारण के लिए और कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अविनाश कुमार राय को नोडल अधिकारी शिक्षा अधिकारी को नियुक्त किया गया। आज के इस बैठक में कुंदन सिन्हा बृजेश यादव, मनोज कुमार सिंह, हनुमान यादव, मनोज यादव, शाहिद परवेज, राम अवतार, अमित कुमार, रमेश यादव, राजेश कुमार, आलोक श्रीवास्तव, रफीउल्लाह, प्रशांत कुमार, समीम हाशमी, संजय यादव, अमित कुमार वर्मा व नोडल अधिकारी अविनाश कुमार राय उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से शीघ्र शुरू होगा केंद्रीय विद्यालय का स्थायी निर्माण, टेंडर जारी

प्रखर मीरजापुर। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से जनपद में शीघ्र ही केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा। विद्यालय का निर्माण लगभग 22 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस बाबत निविदा जारी कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल का कहना है कि जनपद में केंद्रीय विद्यालय के स्थायी निर्माण हेतु निविदा जारी कर दी गई है। विद्यालय का निर्माण अगले 15 महीने में पूरा हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल का कहना है कि केंद्रीय विद्यालय जनपद के मेधावी छात्रों के लिए आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। भविष्य में इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर मेधावी छात्र देश-प्रदेश में जनपद का नाम रौशन करेंगे। विद्यालय का भवन निर्माण के अलावा बाउंड्री वाल, एक्सटर्नल सीवरेज, पेय जल आपूर्ति सुविधा, रेन वाटर हारवेस्टिंग, इंटरनल रोड, फुटपाथ सहित कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री के तौर पर जनपद की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने लगभग चार साल पहले 5 मार्च 2019 को जनपदवासियों को केंद्रीय विद्यालय की सौगात दी। जनपद के महुअरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में अस्थायी तौर पर केंद्रीय विद्यालय का शुभारम्भ हुआ।

कोहरे की दस्तक ने रोकी वाहनों की रफ्तार

प्रखर दानगंज वाराणसी। बुधवार को कोहरे के दस्तक ने वाहनों की रफ्तार रोक दी वहीं सुबह के समय रामेश्वर वाया जंसा -हरहुआ, हथिवार समेत अन्य मार्गों पर वाहनों की लाइट जलाकर रेंगते हुए गाड़ियां चल रही थी। करीब 10 बजे के बाद ही कुछ राहत मिली। इसके बाद निकली धूप भी बेअसर रही। बीते दो दिन से कुहरे व सर्दी का असर बढ़ा हुआ है। मंगलवार की सुबह हल्का कोहरा रहने के बाद दिन में आसमान साफ था,लेकिन रात के नौ बजते ही देहात क्षेत्र में कोहरा छाने लगा था। रात 12 बजे तक अनेक क्षेत्रों में कोहरा और घना हो गया। बुधवार की सुबह कोहरे ने ग्रामीण क्षेत्र को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। इसके चलते वाहनों की रफ्तार कम हो गई तो दृश्यता इतनी कम थी कि लाइट जलानी पड़ी।

बीएसएफ जवान विनोद पांडेय को राष्ट्रीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद के गहमर थाना क्षेत्र के नवली निवासी सीमा सुरक्षा बल के सिपाही विनोद पांडेय, उम्र 34 वर्ष का असम के सिलिगुड़ी मे ड्यूटी के दौरान आकस्मिक दुर्घटना मे निधन हो गया। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने शोक व्यक्त करते हुए शहीद जवान के अंत्येष्टि मे शामिल होकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की रेवतीपुर मंडल की पूर्व अध्यक्ष आशा पांडेय के पाँच पुत्रों मे सबसे बड़े विनोद पांडेय के शव का पुरे सैनिक सम्मान के साथ बुधवार को पूर्वाह्न गहमर स्थित नरवाघाट पर अर्धसैनिक बल के जवानों ने सशस्त्र सलामी देकर अपने वीर जवान को अंतिम विदाई दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दिलदारनगर नगर पंचायत अध्यक्ष अविनाश जायसवाल, पुर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राय, अच्छे लाल गुप्ता, विष्णु प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष लल्लन सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने वीर जवान को अपनी श्रद्धांजलि दी।और परिजनों को ढाढस बधाया। बता दें कि शहीद जवान कि पत्नी नीतू पांडेय के अलावा दो पुत्र है। जिनकी उम्र 13 वर्ष और 8 वर्ष हैं। मुखाग्नि बडे पुत्र ओम ने दिया।

तहसील बार पिंडरा- राजेश अध्यक्ष व श्याम मोहन महामन्त्री हुए निर्वाचित

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश पटेल तथा महामन्त्री पद पर श्याम मोहन उपाध्याय ने भारी मतों से विजय हासिल की। जीत मिलने पर ढोल नगाड़ों के बीच मौनी बाबा आश्रम से होते हुये पूरे तहसील में भ्रमण कर वरिष्ठ अधिवक्ताओ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 11 बजे के बजाय कोहरे के कारण साढ़े 11 बजे से मतगणना शुरू । मतगणना के दौरान शुरू से ही बढ़त बनाये दोनो प्रत्याशियों ने अंत मे भारी बढ़त के बीच जीत हासिल की। जीत मिलते ही समर्थक वकील खुशी से उछल पड़े और नारेबाजी की। जीत की घोषणा होते ही प्रत्याशियों ने समर्थकों को माला फूल से लाद दिया। फिर जुलूस के रूप में तहसील परिसर स्थित मौनी बाबा आश्रम व हनुमान मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। वही जीत की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी जटाशंकर मिश्र , लालबहादुर व मनोज मिश्रा ने बताया कि कुल 348 मत में से 310 मत पड़े। जिसमें अध्यक्ष पद के दावेदार राजेश पटेल को 191,

रामभरत यादव को 108 मत, प्रफुल्ल कुमार मौर्य को 11 मत मिले। जिसमे राजेश पटेल 83 मतों से विजयी घोषित किये गए। वही महामन्त्री पद के प्रत्याशी श्याम मोहन उपाध्याय को 179 तथा राजेश कुमार सिंह को 130 मत मिले ।जिसमे श्याम मोहन 49 मतों से जीत हासिल की। जीत के घोषणा के बाद निकले विजयी जुलूस में निवर्तमान अध्यक्ष मनोज शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष अशोक पांडेय, श्रीनाथ गोंड, प्रितराज माथुर अरुण दुबे, उदयनाथ भारती, सुभाष राय समेत अनेक वकील शामिल रहे। वही इसके पूर्व निम्न पदों पर एकमात्र नामांकन होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया और प्रमाण पत्र दिया गया।

निर्विरोध निर्वाचन होने वाले पदाधिकारी– वरिष्ठ उपाध्यक्ष-- सन्तोष सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष -- (10 वर्ष से अधिक) विपुल कुमार मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष-- संजय दुबे, कोषाध्यक्ष-- सतीश कुमार सिंह, स0 सचिव प्रशासन अविनाश कुमार बोस, पुस्तकालय सचिव -- उमेश कुमार सिंह, ऑडिटर-- आशीष कुमार दुबे समेत 9 लोग प्रबंध समिति के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए ।जिसकी घोषणा चुनाव अधिकारी मांता पटेल व मनोज श्रीवास्तव ने किया।

मौसम ने ली करवट, गलन और कोहरे ने आम नागरिक की रोकी रफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कल मंगलवार की शाम से ही गलन बढ़ने लगी। रात में कोहरा भी गिरने लगा, कोहरे और गलन के कारण नागरिकों का जीवन काफी अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह लगभग 10 बजे तक कोहरा इतना घना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर जब वाहन काफी नजदीक आते थे तो पता चलता था कि वाहन आ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में रात्रि से ही ठंड और कोहरे का ढूंढ काफी घना था। सुबह कोहरे के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। आम नागरिक अपने घरों में लगभग 8 बजे तक बंद रहे। चौराहों तथा कुछ जगहों पर नागरिकों द्वारा प्लास्टिक व कागज जलाकर आग के सामने बैठे पाया गया क्योंकि प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र में कही भी अलाव की व्यवस्था नहीं हुई है ।कोहरे के धुंध के कारण वाहन अपनी हेड लाइट जलाकर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। नागरिकों ने ठंड को देखते हुए क्षेत्र के तिराहे और चौराहे पर अलाव जलाने की मांग की है।

विवेक एकेडमी के खिलाड़ियों ने कुशलता का प्रदर्शन कर विजेता बनें

प्रखर वाराणसी। स्वर्गीय देवराजी देवी सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विवेक सिंह क्रिकेट एकेडमी हरहुआ में दिनांक 29 नवंबर 2022 से आयोजित था,जिस का फाइनल मैच 20 /21दिसंबर आयोजित किया गया। जिसमे कुशल प्रदर्शन कर विवेक एकेडमी विजेता बना ।प्रतियोगिता के मैच 75-75 ओवरों के खेले गए ।प्रतियोगिता का फाइनल मैच 45-45 ओवर खेली गई। टॉस जीतकर बीएलडब्ल्यू की टीम ने विवेक एकेडमी रेड की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। विवेक एकेडमी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 229 रन बनाए ।दूसरे दिन विवेक एके-डमी के तेज गेंदबाजों के साथ साथ स्पिन गेंदबाजों ने अपना जलवा दिखाते हुए बीएलडब्लू एकेडमी को 33 ओवर में 108 रन के स्कोर पर आउट कर दिया ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि वाराणसी जनपद के प्रमुख उद्योगपति अनुज डीडवानिया तथा विशिष्ट अतिथि गण श्री जावेद अख्तर सचिव वाराणसी क्रिकेट संघ एवं अशोक खन्ना रहे ।प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ साथ स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए साथ ही प्रतियोगिता के मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज विवेक एकेडमी के शिवम पटेल जिन्होंने कुल 170 रन बनाने के साथ ही 4 विकेट भी लिए साथ ही प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्स मैन बीएलडब्ल्यू के पंकज जायसवाल घोषित किए गए। जिन्होंने कुल 171 रन बनाए एवं प्रतियोगिता में बेस्ट बालर के रूप में विवेक एकेडमी के आदर्श सरोज को पुरस्कार मिला,जिन्होंने कुल 12 विकेट प्रतियोगिता में प्राप्त किया। अतिथियों का स्वागत अनूप सिंह,राजेश सिंह दोहरी, मनोज सिंह,अनिल सिंह ने किया एवं समापन समारोह का संचालन विवेक क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त सचिव तथा रणजी खिलाड़ी सीमांत सिंह ने किया।

छगुरिया बगुलिया, बूधा कला, चंगेरा मंगेरा, आदि गांवो में हुई सोशल ऑडिट की बैठक, किया सत्यापन

प्रखर संतकबीरनगर। शासन के निर्देश पर गांव में सोशल ऑडिट टीम विकास कार्यों को परखती है। सोशल ऑडिट टीम का गठन गांव में मनरेगा से होने वाले कार्यो का जांच वित्तीय वर्ष के आधार पर किया जाता है। जिससे गांव के विकास कार्यो में हुए सत्यता को परखा जा सके। सोशल ऑडिट टीम गांव के करवाये गए इंटरलॉकिंग खड़ंजा, नाली आदि जैसे विकास कार्यो की जमीनी हकीकत को परखने का कार्य किया जाता है। इसके साथ ही गांव में शासन के योजनाओं जैसे पीएम आवास, शौचालय आदि के लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक लिया जाता है। जिससे किसी भी तरह के अनियमियता को उजागर किया जा सके। इसी कड़ी में आज बुधवार सेमरियावां ब्लॉक के बूधाकला, छपिया बगुलिया, छपिया छितौना, बूधानगर, छपिया आनंद राय, चंगेरा मंगेरा, चाईं कला एवं चमरसन गांव में सोशल ऑडिट टीम द्वारा बैठक किया गया।

जिससे विकास कार्यो की हकीकत को परखी जा सके। सेमरियावां ब्लॉक के बूधा कला गांव में सोशल ऑडिट टीम की जांच कोऑर्डिनेटर के साथ टीम मुनौव्वर हुसैन, संग्राम, मायाराम व सरस्वती के द्वारा बैठक किया गया। इस दौरान बैठक में समाजसेवी आनंद त्रिपाठी, गुलाब शुक्ला, राजेंद्र चौरसिया, अर्जुन कुमार, अमरेंद्र शुक्ल, गिरधारी लाल, अली, राधेश्याम, फूलकुमारी, इंद्रावती, हेमलता आदि ग्रामीणों से संवाद किया गया। साथ ही पीएम आवास, शौचालय आदि योजनाओं के बाबत फीडबैक भी उपस्थित ग्रामीणों से लिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने एक सुर से प्रधान मनोज शुक्ला उर्फ मोनू भैया के विकास कार्यो पर मुहर लगाई। इस दौरान ग्राम प्रधान के साथ रोजगार सेवक रोहित कुमार व पंचायत सहायक भी बैठक में उपस्थित रहे। इसके साथ ही सेमेरियावां ब्लॉक छपिया बगुलिया गांव में सोशल ऑडिट टीम के कोऑर्डिनेटर अश्वनी पांडेय की अगुवाई में शकीला खातून, शकुंतला, रामसुरेश व कुतुबुद्दीन के द्वारा ग्रामीणों से बैठक किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित रामजी, जगन्नाथ, शेषमणि, जगदीश, मालती देवी, निर्मला, सुंदरी, हेवन्ता देवी, कुच्ची देवी आदि ग्रामजनों ने ग्राम प्रधान करम हुसैन के विकास कार्यो पर मोहर लगाई। इस दौरान बैठक में ग्राम प्रधान करम हुसैन, पंचायत सहायक अनीशा प्रजापति, बीडीसी रंगीलाल व रोजगार सहायक हेवन्ता देवी उपस्थित रही। इसके साथ ही मेंहदावल ब्लॉक के चाई कला, चमरसन, बुढ़ाननगर, छपिया आनंद राय, छपिया छितौना एवं चंगेरा मंगेरा में भी शासन के निदेशानुसार सोशल ऑडिट की बैठक आयोजित हुई। जहां पर सभी जगह की बैठक की उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के विकास कार्यो पर मोहर लगायी।

सीएचसी पुआरी कला के ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी

प्रखर वाराणसी। ठंड एवम गलन का इस कदर प्रभाव पड़ा है कि अधिकांश लोग इसके चपेट में आकर बीमार पड़ गए हैं। वहीं जहां भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं तो कुछ लोग दवा लेकर इलाज कर रहे हैं ।सीएचसी प्रभारी डॉ0 दीपकेश्वर से जब इस बाबत जानकारी ली गई तो बताया कि ठंड व गलन से सर्दी,खांसी,जुकाम,बुखार,डायरिया व चमड़ी रोग से अधिकतर ग्रामीण प्रभावित हैं। ओपीडी में बुधवार को 101 रोगियों का इलाज किया गया जिन्हें निःशुल्क दवाएं मुहैया कराई गई। जनरल फिजिशियन डॉ0 संजीव,डॉ0 रंगुल व फार्मासिस्ट अनुराग तिवारी व अरविंद का सहयोग चल रहा है। डॉ0 दीपकेश्वर ने मरीजों को विशेष सावधानी जैसे ठंड से बचे,गरम पेय पदार्थ व भोजन ही करें,बीमारी अवस्था मे उबला हुआ पानी व काढ़ा का प्रयोग करें। अस्पताल में इस समय कुल 7 मरीज भर्ती है जिसमे 4 पुरुष व 3 महिलाएं शामिल हैं।ऑक्सीजन प्लांट अब तक चालू न होने पर कहा कि यह उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। वैसे ऑक्सीजन की जरूरत पर 30 कन्सट्रेटर अस्पताल में उपलब्ध है ।प्रसव की सुविधाएं उपलब्ध है जिसके लिए 24 घण्टे एम्बुलेंस सुविधा मौजूद है। वहीं जिला प्रधान संघ के जिला महामंत्री मधुवन यादव व प्रधान प्रतिनिधि पुआरी कला नीलू पटेल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय के प्रयास से सीएचसी से बेहतर सेवाएं जनता को मिल रही हैं।

विद्युत की चपेट में आने से प्राइवेट लाइन मैन झुलसा

प्रखर चंदवक,जौनपुर। क्षेत्र के लेवरूवा गांव निवासी प्राइवेट लाइन मैन 38 वर्षीय अंतिम सिंह पुत्र देवी प्रसाद जो बगल के बजरंगनगर स्थित ट्यूबवेल के लाइन को ठीक कर रहे थे कि विद्युत करेंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों के मदद से निजी हॉस्पिटल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देख वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

यही है जिंदगी

■ क्षमा शर्मा

बढ़ता अकेलापन

अभी हाल ही में खबर पढ़ी कि अपने देश में चार में से तीन वरिष्ठ नागरिक गम्भीर रोगों से पीड़ित हैं। लेकिन उनकी देखभाल करने वाला, उनका इलाज कराने वाला, कोई नहीं। इनमें से अधिकांश अकेले रहने को मजबूर भी हैं। बुजुर्गों की इस दशा के लिए समाज के बदले हुए मानक भी जिम्मेदार हैं। जहां हर आदमी को रोटी-रोजी चलाने भर के लिए लगातार दौड़ना पड़ रहा है। बदले समय में पहले की तरह नौकरियों की कोई गारंटी नहीं। सवेरे की नौकरी का शाम को पता नहीं। इसलिए आप देखेंगे कि नई पीढ़ी में युवा, स्त्रियां सब अपने को लगातार की असुरक्षा में घिरा पाते हैं। पिछले ही दिनों खबर आई थी कि नौकरियों की असुरक्षा के कारण अब लोग मकान खरीदना नहीं चाहते। क्योंकि यदि मकान ले लें और नौकरी न रहे, तो परिवार कैसे पालेंगे। मकान के लिए ऋण की किस्तें कहां से चुकाएंगे। आज जब अकसर लोग मेंटल हेल्थ की बातें करते देखे जाते हैं, तब यह देखना भी खासा चिंताजनक है मनुष्य में रोजगार की बढ़ती असुरक्षा के बारे में कोई बात नहीं करता। जबकि हमारा मानसिक स्वास्थ्य रोजगार और उससे दैनंदिन जीवन की जरूरतें पूरी हो सकें, इससे जुड़ा होता है। यदि नौकरी है भी, तो बहुत सी जगह सालों तक पगार नहीं बढ़ती, जबकि महंगाई हर रोज बढ़ती चली जाती है।



कास्ट कटिंग के नाम पर हर रोज लाखों की नौकरियां चली जाती हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियां तक एक मेल पर लाखों को नौकरियों से निकाल बाहर करती हैं। ऐसे में लोगों का घर-परिवार कैसे चलेगा, बच्चों की फीस कहां से भरेंगे, मकान का किराया कैसे देंगे, बीमार हो जाएं तो डॉक्टर की फीस कहां से लाएंगे, पैसा हाथ में न होगा तो क्या खाएंगे, इस पर कहीं कोई बहस, चर्चा राजनीतिक चिंता दिखाई नहीं देती। नब्बे के दशक और भूमंडलीकरण के बाद जीवन में जिसे स्थिरता या स्टेबिलिटी कहा जाता था, उसका लोप हो गया है। यह अस्थिरता रिश्तों में भी दिखाई देती है। वे मसले जो लोगों के जीवन से सीधे जुड़े हैं, उन पर ध्यान देने कोई जरूरत न तो राजनीति को लगती है, न मीडिया को ही। जीवन की वास्तविक तकलीफों से जुड़े मुद्दे न जाने क्यों हमारे विमर्शों से गायब रहते हैं। हां वायदों के लंबे-चौड़े पुलंदे जरूर हर रोज पढ़ने और सुनने में आते हैं। इन्हीं परेशानियों के कारण अक्सर ऐसी खबरें दिखाई देती हैं कि किसी ने बेरोजगारी के कारण अपने परिवार को ही खत्म कर दिया या खुद को खत्म कर लिया।

करने के लिए बहुत सारी बातें हैं, ताकत के शो ऑफ के लिए बहुत से तरीके हैं, लेकिन मन में और जीवन में सभी को पता है कि सब अकेले हैं। और यह अकेलापन बढ़ता ही जा रहा है। इससे कैसे निपटें कोई बताए।

ऐसे में आदमी का अकेलापन बढ़ना स्वाभाविक भी है। आदमी जाए तो जाए कहां। अपनी परेशानियां किसे बताए। कौन सुनेगा। सुन भी ले तो उनका हल कैसे होगा। कौन करेगा। कैसे करेगा। इसी कारण कम उम्र के लोग तमाम तरह-तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। और इलाज जितना महंगा है, उस तक पहुंचना भी हर एक के वश की बात नहीं। इसी कारण समाज के हर वर्ग में लगातार अकेलापन बढ़ रहा है, गुस्सा बढ़ रहा है, वे अवसाद के शिकार हो रहे हैं, उनके पास दैनंदिन जरूरतों को पूरा करने तक के साधन नहीं, तब वे बुजुर्गों की चिंता करें भी तो कैसे। आज के समय में जब सम्पर्क लिए मोबाइल व्हाट्सएप, फेसबुक, मेल जैसे साधन उपलब्ध हैं, तब बढ़ता अकेलापन क्या चकित नहीं करता। करने के लिए बहुत सारी बातें हैं, ताकत के शो ऑफ के लिए बहुत से तरीके हैं, लेकिन मन में और जीवन में सभी को पता है कि सब अकेले हैं। और यह अकेलापन बढ़ता ही जा रहा है। इससे कैसे निपटें कोई बताए। सिर्फ बताए ही नहीं, हल करने के नुस्खे भी सिखाए। ■

पुरुषहीन हो जाएगी दुनिया

यह कहने सुनने में भले ही अटपटा लग सकता है, मगर वैज्ञानिक अपनी रिसर्चों के आधार पर चेतावनियां दे रहे हैं। अब इसे फितना कह कर उपहास भी किया जा सकता है। मगर उनके अध्ययन बता रहे हैं कि यह दुनिया पुरुषों से हीन हो जाएगी। यानी धरती पर मादाओं का राज होगा। कोई मर्द नहीं रह जाएगा। अभी अपने यहां लड़कों के औसत में लड़कियां काफी कम हैं। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि ऐसा समय आयेगा, जब धरती से पुरुष गायब हो सकते हैं। प्रोसीडिंग ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में छपी रिसर्च बता रही है, पुरुषों में लिंग निर्धारित करने वाला क्रोमोजोन धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, जल्द ही कोई नया सेक्स जीन विकसित ना होने पर दुनिया से पुरुष विलुप्त हो सकते हैं। थोड़ा गहराई से इसे जानें, दरअसल इंसानों समेत अन्य स्तनधारियों का लिंग निर्धारण वाई क्रोमोजोम पर निर्भर करता है। मादा में दो एक्स क्रोमोजोम होते हैं। जबकि नर में एक एक्स क्रोमोजोन के साथ एक छोटा वाई क्रोमोजोम भी होता है। एक्स क्रोमोजोम में 900 जीन्स होते हैं। जिनका लिंग को तय करने से कोई लेना-देना नहीं है। वाई क्रोमोजोम में 55 जीन्स होते हैं। जो आकार में छोटे होने के बावजूद महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इनमें जरूरी जीन एसआरवाई होता है। जो गर्भधारण के बारह हफ्ते बाद शिशु में टेस्टिस विकसित करता है। भ्रूण में यही टेस्टिस मेल हार्मोंस रिलीज करते हैं। जिससे नर शिशु जन्मता है। रिसर्च के अनुसार, नर इंसान व स्तनधारियों में यह वाई क्रोमोजोम घटता जा रहा है। वैज्ञानिकों ने बाताया, पहले इंसान में एक्स व वाई क्रोमोजोम के जीन्स की संख्या बराबर थी। यानी वाई क्रोमोजोम में भी 55 की जगह 900 जीन्स रहे होंगे। साढे

प्रोसीडिंग ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में छपी रिसर्च बता रही है, पुरुषों में लिंग निर्धारित करने वाला क्रोमोजोन धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, जल्द ही कोई नया सेक्स जीन विकसित ना होने पर दुनिया से पुरुष विलुप्त हो सकते हैं।

सोलह करोड़ सालों से अब तक इंसान के वाई क्रोमोजोम के 845 जीन्स खो चुके हैं। मतलब हर दस लाख साल में हम पांच जीन्स खो रहे हैं। ऐसा ही रहा तो अगले 1.1 करोड़ साल में वाई क्रोमोजोम पूरी तरह खत्म हो जाएगा। ये हवाई संदेह नहीं हैं। इस पर वैज्ञानिकों की लंबी-चौड़ी फौज लगातार काम कर रही है। भारत समेत दुनिया में स्पर्म काउंट तेजी से कम होता जा रहा है। इजराइल की हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम की स्टडी हुई। जिसमें पाया गया कि विश्व में 1973 की तुलना में 2018 तक स्पर्म काउंट आधे से भी कम रह गया है। ह्यूमन रीप्रोडक्शन अपडेट जर्नल में प्रकाशित इस स्टडी में भारत समेत 53 देशों का डाटा एकत्र किया गया था। यूरोप, अमरीका, आस्ट्रेलिया से लेकर सब जगह इस पर गंभीर स्टडी चालू है। जो बता रही है, गये पांच दशकों में स्पर्म काउंट 104 से 49 मिलियन प्रति मिलीलीटर घट रहे हैं। यह प्रजनन के लिए खुद में खतरा है।

कहने-सुनने में यह किसी हॉलीवुडी फिल्म का प्लाट भले ही लग रहा हो। परंतु यह खौफनाक मंजर भी हो सकता है। यूं तो इन वैज्ञानिकों की मान

भी लें तो प्रकृति पुरुष बनाने वाले क्रोमोजोम को धीरे-धीरे तब्दील भी करती है। इस वाई की बजाए कोई और कड़ियां उत्पन्न हो सकती हैं। मगर विचारणीय तो यह है कि अपनी ऐंठ में रहने वाला मर्द कभी यह कल्पना भी नहीं कर सकता कि धरती उसके अस्तित्व से विहीन भी हो सकती है। जब दुनिया पुरुषहीन होगी तो स्त्री के लिए सब कुछ आसान भी नहीं हो जाएगा। बस यूं हो सकता है कि समस्याओं का स्वरूप तब्दील हो जाए। दुनिया भर के श्रमिकों में पुरुषों की संख्या ज्यादा है। यहां तक की विकास व अनुसंधानों में पुरुषों ने कब्जा बनाया हुआ है। प्रयोग के मामले में वे स्त्री से बहुत आगे हैं। यहां तक की औरतों के इस्तेमाल की ढेरों चीजों का विकसित रूप पुरुषों की ही देन है। वे बाजार बनाते भी हैं और खपत के लिए माल की सप्लाई भी करते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि जब वे यह सब नहीं करेंगे, तो औरतें हाथ पर हाथ रखे बैठी रह जाएंगी। स्त्रीवादी होने के नाते मैं यह कहती हूं कि पुरुषों ने औरतों के हकों को मारा है, उन्हें दोयम जीवन की तरफ ढकेला है और पग-पग पर उनका दैहिक/मानसिक शोषण किया है। पुरुषवादी चतुराई में स्त्री को घर की चाहरदिवारी के भीतर कैद कर उसके पंख नोंच लिये गये। सामाजिक जीवन ही नहीं, पारिवारिक ताने-बाने में भी लगातार शोषण होता रहा है। बावजूद इसके स्त्री ने पुरुषों को पिता, पुत्र, पति, प्रेमी, भाई, मित्र के रूप में विशेष स्थान दिया। वह पीढियों तक पुरुषों को पूजती रही है। खासकर पति को अपने मालिक का स्थान देकर देवताओं की तरह रोली-फूल से पूजती आ रही है। पुत्र के लिए भी जो औरतें हरछठ, जितिया व अहोई करती हैं। वही पुरुषों को हमेशा से विशेष ओहदा देती हैं। यह दासत्व जितना उस पर लादा गया, उससे ज्यादा वह खुद ओढती रही। इस दासता को अपना नसीब बनाने वाली स्त्री, पुरुष के बगैर जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकती। औरतों का बनना, संवरना, जीना सब पुरुषों के इर्द-गिर्द ही है। बल्कि यूं कहूं कि दोनों का एक-दूसरे के लिए हैं। विपरीत लिंगियों का आकर्षण और जीवन रस एक-दूसरे के अभाव में नीरस हो जाएंगे। सारा का सारा सामाजिक ढांचा, इतिहास, लोककथाएं, गीत सब जड़ रह जाएंगे। जो आपस में जुड़े ही नहीं, गुंथे हुए हैं।

मुझे याद आ रहा है, दिल्ली विश्वविद्यालय में मैंने अपने वक्तव्य स्त्रीविरोधियों पर ऐसे ही सवाल उठाये थे। मैंने औरतों के खिलाफ पुरुषवादी मानसिकता पर कड़े प्रहार किये थे। और कहा था, स्त्री के विरुद्ध इस्तेमाल हो रहा यह स्लो-प्वायजन खतरनाक भी साबित हो सकता है। जिसकी पुरुषों को कड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इस पर प्राचार्या समेत उनकी चेलियां विफर गयीं। उन्हें मेरा विचार समाज तोडू लगा। जाहिर है, पारंपरिक सोच में यह घुसना जरा मुश्किल है। दुनिया को पुरुषहीन होते हुए नहीं देखना चाहती मैं। मगर पुरुषों ने पीढियों से जो कुछ स्त्री के साथ किया है, उसका खामियाजा तो आखिरकार भुगतना ही है। नर/ मादा एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों को समाज में बराबरी का हक है। बावजूद इसके पुरुषों ने शातिराना ढंग से स्त्री को दासता का पाठ ही नहीं पढाया है, उसा दासत्व के साथ जीने को मजबूर भी किया है। वह दासता के दरम्यान जूझते हुए जी तो रही है, जबकि उसे दासी बनाने वालों पर ही संकट छा रहा है। जिन्हें अपना वजूद बचाने के लिए अपनी ही गढी हुई छवि को किरची-किरची कर मिटाना होगा। ■

चॉकलेट केक

■ अनिता घोष

सामग्री-दो कप मैदा, दो कप दूध, 100 ग्राम बटर, 250 ग्राम चीनी, एक कप दूध, दो चम्मच कोको पाउडर, एक चम्मच चॉकलेट सीरप, 25 ग्राम ड्राय फ्रूट्स, एक चम्मच बेकिंग पाउडर, एक चम्मच सोडा।

बनाने कि विधि- चॉकलेट केक बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में मैदे को छान कर रखें। अब उसमें बेकिंग सोडा, बेकिंग पाउडर और कोको पाउडर डाल कर अच्छे से मिक्स कर लें। एक दूसरे बर्तन में चीनी और मक्खन मिलाकर एक बैटर बना लें। चीनी के घोल को अच्छे से फेटें। अब इस मिश्रण में मैदा वाला मिश्रण मिला दें, और खूब अच्छे से फेटें। ध्यान रखें कि मिश्रण में गुठली ना बने। मिश्रण में थोड़ा सा दूध डाल लें। फिर मिश्रण को अच्छे से फेंट लें। ड्राय फ्रूट्स मिलाएं। मिश्रण को जितना अधिक फेटेंगें उतना अधिक केक मुलायम बनेगा। केक बनाने वाला बर्तन ले उसमें मक्खन लगा कर उसे चिकना कर लें। अब उसमें बना हुआ केक का मिश्रण डालें और चारों तरफ फैला लें। अब बर्तन को माइक्रोवेव में 4-5 मिनट के लिए 180 डिग्री सैल्सियस पर रख कर बेक कर लें। तैयार हो गया केक। जब केक ठंडा हो जाए तो उसे एक प्लेट में निकाल ले। अब ऊपर से पूरे केक पर चॉकलेट सीरप फैला दे। तैयार हो गया चॉकलेट केक।

मिल्क केक

सामग्री- खोया 500 ग्राम, दूध आधा लीटर, चीनी 500 ग्राम, 3 बड़ा चम्मच घी, गुलाब एसेंस दो बूंद, 4-5 गुलाब की पंखुड़ी।

विधि- खोए को अच्छे से गूंथ लें। थोड़ा दूध मिलाकर धीमी आंच पर लगातार चलाते रहे। गाढ़ा होने पर उसमें चीनी डाल दें। लगातार चलाते रहे। 10 मिनट पकाने के बाद इसमें घी और गुलाब एसेंस मिला दें। अब इस मिश्रण को तबतक चलाए जब तक इसका रंग ना बदल जाएं। जब मिश्रण का रंग बदल जाए तो एक थाली में घी लगाकर मिश्रण को फैला दें। एक घंटा ठंडा होने के लिए छोड़ दे। ठंडा होने पर जम जाएगा। तैयार हो गया मिल्क केक। गुलाब की पंखुड़ी से सजाएं। अब मनचाहे आकार में मिल्क केक काट लें।

सर्दियों में फेस पैक

सर्दियों में नमी की कमी से त्वचा रूखी हो जाती है। रूखी त्वचा पर उम्र बढ़ने के लक्षण दिखाई देने लगते हैं, जैसे रेखाएं, झुर्रियां और मुरझाई त्वचा। यहां तक कि ऑयली त्वचा की बाहरी परत भी रूखी हो जाती है। सर्दियों में त्वचा का पोषण महत्वपूर्ण है, क्योंकि पोषक पैक त्वचा की नमी को बनाए रखते हैं। पौष्टिक पैक में शहद, संतरे का रस, दूध, दूध की मलाई, दही, बादाम का तेल, एलोवेरा जेल आदि जैसे तत्व हो सकते हैं। शहद या एलोवेरा जेल को लगाने से त्वचा हाइड्रेट होती है और पोषण मिलता है। फलों के पैक सर्दियों में भी उपयोगी होते हैं। सर्दियों में उपयोगी फेस पैक -

ब्यूटी

■ शहनाज हुसैन

● आधा चम्मच शहद में एक चम्मच शुद्ध बादाम का तेल और एक चम्मच सूखे दूध का पाउडर मिलाएं। पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद सादे पानी से धो लें। सर्दियों में ऑयली और मुंहासे युक्त त्वचा पर भी नमी की कमी हो सकती है। एक चम्मच शहद, 2 चम्मच दूध और 3 चम्मच ओट्स मिलाकर पेस्ट बनाएं। होठें और आंखों को बचाते हुए चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद सादे पानी से धो लें।

● 2 चम्मच गेहूं की भूसी (चोकर) में एक चम्मच पिसे हुए बादाम, शहद, दही और अंडे की जर्दी या गुलाब जल मिलाएं। 20 से 30 मिनट बाद धो लें। यह हर तरह की त्वचा के लिए कारगर उपाय है। एक केले को मैश करके उसमें थोड़ा सा गुलाब जल मिलाएं। चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें। केला त्वचा को हाइड्रेट करता है और त्वचा में कसावट लाता है, जबकि गुलाब जल त्वचा को टोन और मॉइस्चराइज करता है।

● गाजर, पत्ता गोभी और शलगम को पानी में उबाल लें। छान कर पानी रख दें। इसका इस्तेमाल चेहरा धोने के लिए करें। सब्जियों को पल्प में मैश कर लें, 2 चम्मच दूध और 2 चम्मच ओट्स डालें। चेहरे पर लगाएं और 20 से 30 मिनट बाद धो लें। गाजर विटामिन ए से भरपूर होती है, जबकि गोभी खिनजों से भरपूर होती है और शलजम बेहतरीन क्लींजर है। सर्दियों में यह हर प्रकार की त्वचा के लिए बेहतरीन उपाय है।

● फेस पैक के लिए गुलाब की ताजी और मुलायम पंखुड़ियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। एक मुट्ठी गुलाब की पंखुड़ियां लें। धोकर पीस कर पेस्ट बना लें। एक-एक चम्मच दूध और शहद, साथ ही 2 बड़े चम्मच सूखे संतरे के छिलके का पाउडर मिलाएं। होठें और आंखों को बचाते हुए चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट के बाद सादे पानी से धो लें। यह हर तरह की त्वचा के लिए बेहतर है।

● मैरीगोल्ड कीटाणुनाशक होता है, इसका उपयोग फुंसियों और चकत्ते को कम करने के लिए किया जा सकता है। यह सामान्य, ऑइली और मिली-जुली हर तरह की त्वचा के लिए बेहतर है। गेंदे के फूलों को रात भर गर्म पानी में डालकर छोड़ दें। दही और चंदन का पेस्ट मिलाकर सॉफ्ट पेस्ट बना लें। होठें और आंखों को बचाते हुए चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद इसे धो लें। ■

भारतीय कला के खूबसूरत रूप

भारत की सांस्कृतिक और रचनात्मक धरोहर बहुत समृद्ध है। अपनी विशिष्ट और विविध सभ्यताओं के कारण भारत में कला रूपों की विशाल विविधता है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होती रही है। कला के कुछ रूप आधुनिकीकरण के फलस्वरूप पहले जैसे ही बने हुए हैं, तो कुछ ने विकसित होकर नए रूप और महत्वपूर्ण विकल्पों को अपना लिया है। रचनात्मक अभिव्यक्ति का आदर्श चित्रण, भारतीय चित्रकला शैलियों में स्पष्ट लेकिन असाधारण संयोजन है, जो हमें ज्यादा साधारण, ज्यादा पुराने समय के बारे में सोचने को बाध्य करते हैं। भारत की कुछ बेहद मशहूर पारम्परिक कलाएं -

वर्ली पेंटिंग की दुनिया- महाराष्ट्र के ठणे और नासिक क्षेत्रों में वर्ली कलाकारों ने ईसा पूर्व 2500 वर्ष पहले इस कलाकृति की रचना की थी। इन चित्रणों में मुख्यतः जनजाति के प्राकृतिक वातावरण और सामाजिक रस्मों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। दैनिक जीवन को इसके सभी रूपों- खेती, पूजा, नृत्य, शिकार आदि में दिखाया गया है। कुछ सामान्य रूपांकन पीली या लाल पृष्ठभूमि पर सफेद ज्यामितीय डिजाईनें हैं। वर्ली चित्रकारी की रचना परम्परागत रूप से नव-विवाहित महिलाओं द्वारा झोपड़ियों को सजाने और वैवाहिक उपहारों के रूप में की गई थी। परम्परागत रूप से, मिट्टी से बनी दीवारों पर सफेद पेस्ट पर दी गई थी। बारी-बारी से बांस के डंडों के एक छोर को कूंच कर पेंटब्रश के रूप में काम में लिया जाता है। वे प्राचीन गुफाओं की चित्रकारी के समान लगती हैं। वर्ली चित्रकारी की शैली में आधुनिक हास्य-चित्रों (कैरीकेचर) की रचना के लिए गेरुआ पृष्ठभूमि और सफेद पेंट का प्रयोग करें।

मधुबनी मैजिक- कला के इस रूप, जिसे मिथिला कला भी कहा जाता है, की जड़ जनक के राज्य के समय में है जो आज के बिहार और नेपाल में स्थित है। 1930 के दशक में भूकंप के बाद इस कलात्मक पद्धति से पर्दा हटा और पहली बार इस पर दुनिया का ध्यान गया। दीवारों पर देवी-देवताओं, पशुओं और पेड़-पौधों का चित्रण करने वाली चित्रकारी और भित्ति-चित्र

अक्सर महिला कलाकारों द्वारा बनाए जाते हैं। कला का यह रूप अपने ज्यामितीय पैटर्न के प्रयोग के कारण विशिष्ट है और दूसरी संस्कृतियों और रीति-रिवाजों के चित्रण की भावपूर्ण विधि के लिए इसे प्रशंसा मिली है।

आकर्षक कलमकारी- कला के इस रूप का इतिहास लगभग तीन हजार वर्ष पुराना है, इसकी जड़ें फारसी डिजाईन से गहराई से जुड़ी हैं। कलमकारी शाब्दिक रूप से कलम से बने रेखाचित्र हैं। आंध्र प्रदेश ब्लॉक प्रिंटिंग की सदियों पुरानी परम्परा का मूल स्थान है। यह छपाई मानवीय हाथों के हुनर और ध्यान पर आश्रित है। कलमकारी हलके, प्राकृतिक रंगों, जैसे कि हरे, लाल, इंडिगो, मस्टर्ड और काले रंगों के प्रयोग से पहचानी जाती है। आजकल एथनिक वस्त्रों पर इस प्रकार की कलाकृति देखी जा सकती है, इसमें प्रकृति और पशुओं से लेकर महाभारत या रामायण की कथाओं तक हर चीज बनाई जा सकती है।

पट्टिचत्र में पूर्णता- पट्टिचत्र कलाकृति का जन्म पांचवी सदी में ओडिशा और पश्चिम बंगाल में हुआ था। कपड़े के स्क्रॉल पर की गई इन चित्रकारी में मुगल काल का ख़ास प्रभाव दिखाई देता है। पट्टिचत्र की धार्मिक और पौराणिक विषयवस्तु कला के पारखियों के लिए काफी समय से विस्मय का सोत रही है। इन कलाकृतियों को बनाने वाले कलाकार अक्सर लाल, काले, नीले, पीले और सफेद जैसे स्पष्ट रंगों का प्रयोग करते हैं। ताड़ (पाम) के पत्तों से लेकर सिल्क तक, इस कला रूप का क्रमिक विकास हुआ है और आज भी इसका व्यापक प्रयोग होता है।

शानदार कालीघाट- चित्रकारी की इस शैली का जन्म 19वी सदी में भारत के बंगाल क्षेत्र में हुआ था। कपड़ों और पट्टों पर बनाई जानी वाली इन चित्रकारियों में अक्सर प्राचीन महाकाव्यों के देवताओं, देवियों और और दृश्यों का चित्रण होता था। चित्रकारी की स्पष्ट शैली, जो आज भी दर्शकों को सम्मोहित करती है, साधारण जीवन के अद्भुत चित्रण के फलस्वरूप प्रसिद्ध हुई। कालीघाट की चित्रकारी की विशिष्टता वह खास रूपरेखा है, जो पूरी कलाकृति में लगातार और प्रवाहमान होती हैं।

शानदार तंजौर कला- इस चित्र का जन्मस्थान तमिलनाडु के तंजावुर क्षेत्र है, जहां 16वी सदी में चोला वंश के शासनकाल में पहली बार इसकी रचना की गई थी। यह कलाकृति अपनी आश्चर्यजनक सजावट, चमकीले रंगों, और उत्कृष्ट बनावट के लिए प्रसिद्ध है। इसकी विषयवस्तु में हिन्दू देवी-देवताओं की प्रमुखता होती है। इन चित्रकारियों को लकड़ी के तख्तों पर बनाया जाता है और इनके प्रत्येक प्राथमिक विषय को हमेशा तख्त के मध्य में चित्रित किया जाता है। इस कलाकृति में एक शैली के तत्व हैं जो हमें दक्कनी और मराठा दोनों कलाओं के अलावा विशिष्ट यूरोपीय कला की याद दिलाते हैं।

कला को अंतिम रूप देना- कलाकार रचनात्मकता से भरे होते हैं और उन्हें हर संभव कैनवास पर इसे प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उभरते कलाकार अपनी भावनाओं को बेहतर रूप से अभिव्यक्त करते हैं, उन भावनाओं को शुद्ध अभिव्यक्ति के असीम प्रदर्शन में परिलक्षित होने देते हैं। उभरते कलाकारों के कलात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, भारत में बच्चों के लिए ऑनलाइन कला संग्रहालय उन्हें अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए प्लेटफॉर्म देने के लिए इंटरनेट का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। बच्चों के लिए ये ऑनलाइन कला दीर्घाएं (आर्ट गैलरीज) मंच हैं जहां इन कलाकारों को अपनी भावनाओं को कला में पिरोने का अवसर प्राप्त होता है।

■ श्रीजीत घोष

संक्षिप्त खबरें

सिक्योर क्लाउड पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। सेबी ने सिक्योर क्लाउड टेक्नोलॉजीज लि. और उसके तीन निदेशकों को एक से तीन साल के लिए प्रतिभूति बाजार में कारोबार से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही इन पर कुल 10 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। बाजार नियामक ने यह कदम कथित रूप से कंपनी द्वारा अपने वित्तीय ब्योरे में गलत जानकारी देने पर उठाया है। सेबी के आदेश में कहा गया है कि कंपनी के निदेशक सुरेश वेंकटचारी, आरएस रमानी और गुरुमूर्ति जयरामन छह माह से एक साल तक किसी सूचीबद्ध कंपनी या मध्यवर्ती में निदेशक या प्रबंधन स्तर के किसी पद पर नहीं रह सकेंगे।

रिलायंस हेल्थ की नई पालिसी

मुंबई। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने रिलायंस हेल्थ इन्फिनिटी पॉलिसी लॉन्च किया, जो असीमित लाभ देती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश जैन ने कहा कि यह अनोखा प्रोडक्ट 5 करोड़ तक की उच्च बीमा राशि, मोरग्लोबल कवर, मैटरनिटी कवर, ओपीडी कवर, बीमित राशि की असीमित वापसी, और 15 प्लस उपयोगी ऐड-ऑन लाभों जैसी बेहतर सुविधाओं के साथ आता है। यह असीमित वापसी के साथ उच्च बीमा राशि, चिकित्सा उपकरण कवर, नियोजित वैश्विक उपचार जैसे विश्व स्तरीय लाभों के साथ अनंत सुरक्षा देती है।

रेडियंट कैश का इश्यू 23 को

नई दिल्ली। रेडिएंट कैश मैनेजमेंट सर्विसेज ने अपने 388 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 94-99 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में यह जानकारी दी। कंपनी का आईपीओ 23 दिसम्बर को खुलकर 27 दिसम्बर को बंद होगा। आईपीओ में 60 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तक डेविड देवसहायम और निजी इक्विटी फर्म एसेंट कैपिटल एडवाइजर्स इंडिया 33,12,5,000 शेयरों की बिक्री पेशकश लाएंगे। एसेंट कैपिटल ने 2015 में कंपनी में 37.2 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था।

डेल्हीवरी अधिग्रहण करेगी

मुंबई। लाजिस्टिक कंपनी डेल्हीवरी ने आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता 'एल्गोरिद्म टेक' का अधिग्रहण करने की मंगलवार को घोषणा की। डेल्हीवरी लिमिटेड ने इस सौदे के आकार का खुलासा न करते हुए कहा कि एल्गोरिद्म टेक लेनदेन पूरा होने के बाद उसकी पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई के रूप में काम करेगी। लेनदेन के अगले महीने तक पूरा होने की उम्मीद है। वर्ष 2003 में स्थापित एल्गोरिद्म टेक ग्राहकों को विभिन्न क्षेत्रों, मसलन रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं, दवा, इस्पात, वाहन और दूरसंचार के लिए सभी आपूर्ति श्रृंखला समाधान एवं निष्पादन उत्पाद उपलब्ध कराती है।

आईपीओ लाएगी जैगल

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए पूंजी जुटाने के लिए शुरुआती दस्तावेज जमा कराए हैं। दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ में 490 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा कंपनी के प्रवर्तकों, निवेशकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 1.05 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी कई तरह की मदद में खर्च करेगी।(एजेंसी)

छोटी कारों पर टैक्स की दरें कम रखने की वकालत

■ मारुति के चेयरमैन आरसी भार्गव ने कहा, छोटी-बड़ी कारों के लिए एक समान कर ढांचा वाहन उद्योग के लिए अच्छा नहीं

नई दिल्ली (भाषा)।

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आरसी भार्गव का मानना है कि देश में छोटी कारों पर नियामकीय बोझ सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय वाहन उद्योग का एक महत्वपूर्ण खंड है और सभी खंडों के वाहनों के लिए एक समान कर ढांचा क्षेत्र की वृद्धि की दृष्टि से अनुकूल नही है।

भार्गव ने कहा कि अगर विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ता, तो भारत की आर्थिक वृद्धि दर कहीं ऊंची हो सकती थी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से नरेंद्र मोदी सरकार के सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र पीछे है। इसकी वजह जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में हुआ अंतर है।

भार्गव ने संवाद-दाताओं से बातचीत में कहा, 'छोटी कारों पर नियामकीय बदलावों का बोझ बड़ी कारों की तुलना में कही अधिक है। इसकी वजह से पूरे बाजार के 'व्यवहार' में परिवर्तन आया है। अब छोटी कारों की खरीदारी घटी है। मुझे लगता है कि यह कार उद्योग या देश के लिए अच्छी बात नही है।'

- छोटी कारों पर नियमों का बोझ सबसे ज्यादा
- इसकी वजह से नहीं हो रही इस क्षेत्र की ग्रोथ
- बड़ी कारों के क्षेत्र की वृद्धि दर बेहतर हो रही
- छोटी कारों की खरीद घटना अच्छे संकेत नहीं
- केंद्र सरकार के प्रयासों के बाद भी हालात खराब

"भारत में कार उद्योग एक ऐसा क्षेत्र बन गया है जहां छोटी कारों के खंड में कोई वृद्धि नहीं है। जो भी वृद्धि हो रही है, वह बड़ी कारों के खंड में है"

आर.सी. भार्गव, चेयरमैन, मारुति सुजुकी

उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग के स्वस्थ विकास के लिए कारों के बाजार में नए ग्राहकों की संख्या में लगातार वृद्धि होनी चाहिए। कारों के स्वामित्व का आधार हर साल बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत में कार उद्योग एक ऐसा क्षेत्र बन गया है जहां छोटी कारों के खंड में कोई वृद्धि नही है। जो भी वृद्धि हो रही है, वह बड़ी कारों के खंड में है। वर्तमान में, वाहनों पर 28 प्रतिशत माल एवं सेवा (जीएसटी) के साथ वाहन के प्रकार के हिसाब से एक से 22 प्रतिशत का अतिरिक्त उपकर लगाया जाता है। पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित कारों 60 से 100 प्रतिशत के बीच सीमा शुल्क लगता है। भार्गव ने कहा कि इलेक्ट्रिक कारों के लिए जीएसटी को पांच प्रतिशत रखा गया है चाहे वह छोटी कार हो या बड़ी कार। वहां कर की दर में कोई अंतर नही है।

उन्होंने इस बात पर भी निराशा जताई कि वाहन क्षेत्र पर भारी कर लगाया जा रहा है, जो उद्योग वृद्धि को प्रभावित कर रहा है।

सोशल मीडिया चुनावों में वोट का अधिकार सिर्फ ब्लू टिक सब्सक्राइबर्स को

वाशिंगटन (वार्ता)।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने कहा है कि भविष्य में केवल ट्विटर ब्लू सब्सक्राइबर ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म के नीति संबंधी चुनावों में मतदान कर सकेंगे।

मस्क ने एक पोस्ट के जवाब में यह ट्वीट किया जिसमें कहा गया था कि केवल 'ब्लू सब्सक्राइबर्स' को नीति-संबंधी चुनावों में मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अच्छा बिंदु। ट्विटर यह बदलाव करेगा।' स्पूतनिक के मुताबिक, ट्विटर ने ट्विटर ब्लू पेड मासिक सब्सक्रिप्शन को दिसम्बर में पुनः लांच किया है। सशुल्क सुविधाओं में नीला चेकमार्क, ट्वीट संपादित करने की क्षमता, उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो अपलोड और रीडर मोड शामिल है।

विदेश से दो पालतु जानवर विमान में लाने की अनुमति

■ दो से ज्यादा जानवर लाने के लिए डीजीएफटी से लेनी होगी मंजूरी

■ निवास हेतु आने वालों को मिलेगी सुविधा ■ विदेश में लगातार दो साल रहने वाले होंगे पात्र

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने विदेश में रहने वाले लोगों को अपना ठिकाना भारत में स्थानांतरित करते समय दो पालतू जानवरों को विमान में लेकर आने की अनुमति दे दी है और इसके लिए उन्हें विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) से मंजूरी भी नहीं लेनी होगी।

वाणिज्य मंत्रालय के तहत गठित डीजीएफटी ने पालतू जानवरों को विदेश से लाने के बारे में यह स्पष्टीकरण दिया है। यह नोटिस सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस, विदेश में मौजूद भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के लिए जारी किया गया है। डीजीएफटी ने इस नोटिस में कहा है कि अधिकतम दो पालतू जानवरों कुत्ते या बिल्ली को विदेश से भारत बसने के लिए आ रहे लोग अपने साथ विमान में सामान के तौर पर लेकर आ सकते हैं। यह छूट केवल उन्हीं लोगों को होगी जो विदेश में लगातार दो साल रह चुके हों।

हालांकि, अगर दो से अधिक पालतू पशुओं को कोई व्यक्ति अपने साथ भारत लाना चाहता है तो उसे डीजीएफटी से इसकी पूर्व-अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा विदेश में दो साल तक रहने की शर्त पूरी न करने वाले लोगों को दो पालतू पशु लाने के लिए भी डीजीएफटी से मंजूरी लेनी होगी। महानिदेशालय ने कहा कि पालतू पशुओं का आयात सिर्फ हवाईअड्डों एवं समुद्री बंदरगाहों के जरिए ही किया जा सकता है। इसके लिए दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु एवं कोलकाता को चिह्नित किया गया है।

- विदेश में दो साल से कम अवधि तक रहने वालों को भी जानवर लाने के लिए लेनी होगी विमानन नियामक की मंजूरी
- फिलहाल पालतू पशुओं का आयात सिर्फ हवाईअड्डों व बंदरगाहों के जरिए ही करने की अनुमति



संवेदनशील सूचनाओं के लिए उपग्रह प्रौद्योगिकी के विकास का करार

बेंगलुरु (भाषा)।

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन एवं प्राधिकार केंद्र (इन-स्पेस) ने स्वदेशी उपग्रह क्यूकेडी उत्पादों के विकास के लिए बेंगलुरु स्थित प्रौद्योगिकी स्टार्टअप क्यून्यू लैब्स के साथ एक समझौता किया है।

इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने से क्यून्यू लैब्स को उम्मीद है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और इन-स्पेस के समर्थन से वह क्वॉन्टम-की डिस्ट्रिब्यूशन (क्यूकेडी) उपग्रह पर आधारित क्वॉन्टम सुरक्षित संचार सुविधा प्रदर्शित करने में सफल होगी। मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान के मुताबिक, टेरेस्ट्रियल सैटेलाइट क्यूकेडी क्षमता हासिल होने पर भारत क्वॉन्टम सुरक्षित संचार नेटवर्क तैयार करने में वैश्विक अगुवा बनने की संभावना से लैस हो जाएगा।

अंतरिक्ष विभाग के तहत कार्यरत इन-स्पेस के निदेशक (कार्यक्रम प्रबंधन एवं प्राधिकार) डा. प्रफुल्ल के जैन ने कहा कि क्यूकेडी एक अनिवार्यप्रौद्योगिकी विकास है जो क्वॉन्टम मैकेनिक्स के सिद्धांत पर काम करता है। इसकी मदद से विभिन्न पक्षों के बीच संवेदनशील सूचनाओं को साझा करते समय इन्हें (सूचनाओं को) सुरक्षित रखा जाता है।

क्यून्यू लैब्स के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुनील गुप्ता ने कहा कि इसरो के तहत इस अत्यधिक नवोन्मेषी भागीदारी में शामिल होने से क्वॉन्टम-सुरक्षित नेटवर्क की प्रौद्योगिकी के विकास में मदद मिलेगी।

विनिवेश से मिली रकम से भरी सरकार की झोली

■ आठ साल में मिले 4.04 लाख करोड़ रुपए

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

नरेंद्र मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आने के बाद से सरकार ने विनिवेश और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) की रणनीतिक बिक्री से सिर्फ 4.04 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इसमें से सबसे ज्यादा 1.07 लाख करोड़ रुपए की राशि 59 मामलों में बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए जुटाई गई है। इसके बाद एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के जरिये 10 किस्तों में हिस्सेदारी बिक्री कुल मिलाकर 98,949 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। पिछले आठ साल में एयर इंडिया समेत 10 कंपनियों में रणनीतिक बिक्री से सरकारी खजाने को 69,412 करोड़ रुपए मिले। वहीं 45 मामलों में शेयर पुर्नखरीद से 45,104 करोड़ रुपए मिले।

वर्ष 2014-15 से 17 सीपीएसई सूचीबद्ध हुए जिनसे 50,386 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। सरकार को इसमें से अकेले बीमा कंपनी एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 20,516 करोड़ रुपए मिले।

बैंकों ने 11.17 लाख करोड़ का कर्ज बट्टे खाते में डाला

नयी दिल्ली, 20 दिसंबर (भाषा) बैंकों ने पिछले वित्त वर्ष 2021-22 तक छह साल की अवधि में अपने बही-खाते से 11.17 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बट्टे खाते में डाला है। यह जानकारी संसद को मंगलवार को दी गई। वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए), जिनमें चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रावधान वाले ऋण भी शामिल हैं, को बट्टे खाते में डालकर बैंकों के बही-खाते से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि बैंक अपनी बही-खाते को दुरुस्त करने, कर लाभ प्राप्त करने और पूंजी का महत्तम इस्तेमाल करने के लिए अपने नियमित अभ्यास के रूप में एनपीए को बट्टे खाते में डाल देते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों और उनके बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार डूबे कर्ज को बट्टे खाते में डालने का काम किया जाता है।

देश में उर्वरक की कोई कमी नहीं : मांडविया

नई दिल्ली (वार्ता)।

सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में उर्वरक और अन्य खाद के कोई कमी नहीं है तथा दो लाख टन से अधिक खाद हर समय मांग से अधिक उपलब्ध होता है।

रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि किसानों के नाम पर राजनीति उचित नहीं है। इस समय कहीं भी किसानों को खाद के लिए लाइन नहीं लगानी पड़ती है।

डा. मांडविया ने कहा, 'रेलवे स्टेशन पर टिकट के लिए, हवाई अड्डे पर प्रवेश के लिए और अन्य स्थानों पर भी व्यवस्था के लिए लाइन लगती है। खाद लेने के लिए गोदाम में किसानों का टोला तो नहीं घुस सकता है। एक-एक करके ही लिया जा सकता है यह शिष्टाचार है। इसलिए किसानों के नाम पर राजनीति करना उचित नहीं है।

"रेलवे स्टेशन पर टिकट के लिए, हवाई अड्डे पर प्रवेश के लिए और अन्य स्थानों पर भी व्यवस्था के लिए लाइन लगती है। खाद लेने के लिए गोदाम में किसानों का टोला तो नहीं घुस सकता है। एक-एक करके ही लिया जा सकता है यह शिष्टाचार है"

मनसुख मांडविया

उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी खाद की कमी नहीं है। खाद ले जाने-लाने के लिए देश में 70 रेलगाड़ियां चलाई जा रही है। कभी कभार कोई आपूर्ति- व्यवस्था का प्रश्न हो सकता है। जिसे तुरंत दूर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में हर समय मांग से अधिक खाद उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि जिला वार खाद की उपलब्धता जानने के लिए एक डैश बोर्ड है। जिस पर वास्तविक स्थिति उपलब्ध होती है।

बेंगलुरु-कोल्हापुर के बीच इंडिगो की विशेष उड़ानें

कोलकाता (वार्ता)।

भारत की अग्रणी विमानन कंपनी इंडिगो ने 13 जनवरी, 2023 से बेंगलुरु से कोल्हापुर के बीच विशेष उड़ानों के साथ-साथ बेंगलुरु से होकर गुजरने वाली कोयंबटूर से कोल्हापुर के बीच 'कनेक्टिंग उड़ानों' की घोषणा की है।

इस नए रूट और उड़ानों की संख्या से ग्राहकों के लिए अतिरिक्त विकल्प पेश होंगे साथ ही इससे मध्य और दक्षिण भारत के बीच की यात्रा और अधिक सुलभ हो जाएगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, 'हवाई यात्रा की मांग बढ़ रही है, जिससे इस उद्योग को कोराना महामारी के पहले स्तर पर वापस लाने में मदद मिल रही है।

उन्होंने कहा कि हम घरेलू कनेक्टिविटी में सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और अपने निरंतर प्रयास के तहत हम बेंगलुरु-कोल्हापुर के बीच नई दैनिक विशेष उड़ानें और बेंगलुरु के माध्यम से कोयंबटूर-कोल्हापुर के बीच अतिरिक्त कनेक्टिंग उड़ानें शुरू करने की घोषणा करते हुए रोमांचित है।'

सामाजिक प्रगति रैंकिंग में शिमला सोलन और आइजोल जिले अव्वल

■ राज्यों की रैंकिंग में झारखंड और बिहार का प्रदर्शन सबसे ज्यादा खराब

नई दिल्ली (भाषा)। पुडुचेरी, लक्षद्वीप और गोवा सामाजिक प्रगति सूचकांक (एसपीआई) में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य रहे हैं जबकि झारखंड और बिहार का प्रदर्शन सबसे खराब आंका गया है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) ने यह रिपोर्ट तैयार करवाई है। ईएसी-पीएम के चेयरमैन विवेक देवरॉय ने मंगलवार को यह रिपोर्ट 'सामाजिक प्रगति सूचकांकः देश के राज्य और जिले' जारी की।

इस रिपोर्ट के अनुसार, आइजोल (मिजोरम), सोलन (हिमाचल प्रदेश) और शिमला (हिमाचल प्रदेश) सामाजिक प्रगति के मामले में तीन सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिले रहे हैं। यह रिपोर्ट प्रतिस्पर्धा संस्थान और गैर-लाभकारी संगठन 'सोशल प्रोग्रेस इम्पेरेटिव' ने तैयार की है। इसके लिए एसपीआई को आधार बनाया गया है जो देश में राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय स्तर पर देश की सामाजिक प्रगति को मापने का पैमाना है। आधिकारिक बयान के अनुसार, दीर्घावधि में सतत आर्थिक वृद्धि के लिए सामाजिक प्रगति जरूरी है। यह सूचकांक आर्थिक वृद्धि और विकास के परंपरागत उपायों का पूरक है।



रिपोर्ट के अनुसार, सभी राज्यों में पुडुचेरी का एसपीआई स्कोर सबसे अधिक 65.99 रहा। लक्षद्वीप और गोवा 65.89 और 65.53 के स्कोर के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड का एसपीआई स्कोर सबसे कम 43.95 रहा। वहीं बिहार का एसपीआई स्कोर भी 44.47 के निचले स्तर पर रहा। इस रिपोर्ट में 36 राज्यों एवं संघ-शासित प्रदेशों और देश के 707 जिलों को सामाजिक प्रगति के विभिन्न मानकों पर उनके प्रदर्शन के आधार पर आंका जाता है।

देश के 97% हिस्से में पहुंचीं बैंकिंग सुविधाएं

नई दिल्ली (वार्ता)।

देश के 96.6 प्रतिशत भूभाग पर बैंकिंग सेवा मौजूद है और इसका दायरा लगातार बढ़ रहा है।

वित्त राज्य मंत्री भगवंत कराड ने मंगलवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि विभिन्न बैंकों ने देश के दूर-दराज के हिस्सों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने के लिए बैंक कॉरस्पॉडेंट बनाए है। कुछ बैंकों ने बैंक सखी की भी नियुक्तियां की है। इन के माध्यम से देश के दूरदराज के हिस्सों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाई जा रही है। कराड ने बताया कि वित्तीय जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है और जगह-जगह बैंकों की सहायता से जागरूकता शिविर लगाए जा रहे है।

ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन भारत में निवेश करेगा

सिंगापुर (भाषा)।

सिंगापुर स्थित भारतीय मूल के ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन ने भारत के स्कूली शिक्षा क्षेत्र में 2026 तक 55 करोड़ डालर से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। जीएसएफ की पहले से ही बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और नोएडा में उपस्थिति है।

कोविड-महामारी के बाद स्थानीय समुदायों द्वारा दाखिले के लिए मांग में भारी बढ़ोतरी देखी गई है। परिवारों के एक से दूसरे शहर जाने और दूसरे देशों से स्वदेश लौटने के बीच मांग में बढ़ोतरी हुई है। जीएसएफ के कार्यकारी चेयरमैन अतुल तेमुर्निकर ने बयान में कहा, "यह जरूरी है कि जीएसएफ अपने नेटवर्क में ऐसे छात्रों को बिना किसी व्यवधान के गारंटी के साथ प्रवेश दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए।'

शेयर बाजारों में पुनर्खरीद की व्यवस्था खत्म करने की तैयारी

■ एफपीआई के पंजीकरण में लगने वाला समय घटेगा ■ ग्रीन वाशिंग पर अंकुश लगाने की भी हो रही तैयारी

मुंबई (भाषा)।

पूंजी बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने कंपनियों की तरफ से शेयर बाजारों के जरिये शेयर पुनर्खरीद की सुविधा धीरे-धीरे खत्म करने के साथ ही मंगलवार को शेयर बाजारों एवं अन्य बाजार ढांचागत संस्थानों में कामकाज सुधारने के उपायों को स्वीकृति दी।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की यहां हुई बैठक में ये फैसले किए गए। इनके अलावा कारोबार सुगमता के लिए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के पंजीकरण में लगने वाले समय को घटाने और सतत वित्त सुनिश्चित करने और 'ग्रीन वाशिंग' पर अंकुश के लिए मानकों में संशोधन का फैसला भी किया गया।

सेबी की प्रमुख माधवी पुरी बुच ने कहा कि नियामक ने शेयर बाजार से शेयर पुनर्खरीद के तरीके में पक्षपात की आशंका को देखते हुए निविदा प्रस्ताव मार्ग को वरीयता देने का फैसला किया है।

उन्होंने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, "यह एक क्रमिक रूप से आगे बढ़ने वाला रास्ता है और शेयर बाजार के जरिये शेयरों की पुनर्खरीद करने के मौजूदा ढंग को धीरे-धीरे खत्म किया जाएगा।"

शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कंपनियां निवेशकों के पास मौजूद शेयरों को खरीदने के लिए खुले बाजार से शेयरों की पुनर्खरीद करती है। इसके अलावा पुनर्खरीद का एक तरीका निविदा प्रस्ताव का भी है जिसे अब सेबी धीरे-धीरे लागू करेगा।

फ्रांस पहुंचे एम्बाप्पे और उनकी टीम का भी हुआ अभिवादन

फीफा विश्वकप फाइनल में हारने के बावजूद फ्रांस की टीम जब स्वदेश पहुंची तो सेंट्रल पेरिस में हजारों समर्थकों ने उनका नायकों जैसा अभिवादन किया। काइलियन एमबाप्पे और उनके साथी स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे दोहा से चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उतरे। खिलाड़ी उदास होकर विमान से बाहर निकले लेकिन हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने उनका थैंक यू और पेरिस लव यू जैसे साइन बोर्ड से स्वागत किया। टीम ने हालांकि इस पर खास ध्यान नहीं दिया। अर्जेंटीना के हाथों फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण खिलाड़ियों के चेहरों पर अब भी उदासी साफ नजर आ रही थी। वह हवाई अड्डे से बसों में सवार होकर प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड पहुंचे जहां हजारों समर्थक उनका इंतजार कर रहे थे।

का घर में भव्य स्वागत

खुली बस में सड़कों पर निकली अर्जेंटीना फुटबॉल टीम, प्रशंसकों के साथ मनाया जश्न

ब्यूनस आयर्स। फीफा विश्वकप विजेता अर्जेंटीना फुटबॉल टीम खिताब के साथ वापस घर लौटी जहां हजारों लोग ब्यूनस आयर्स हवाई अड्डे पर जुटे और टीम का जोरदार स्वागत किया। कप्तान लियोनल मेस्सी की अगुआई में अर्जेन्टीना की राजधानी के ठीक बाहर इजेइजा में तड़के तीन बजे विमान से उतरने पर टीम का प्रशंसकों ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया।

इस दौरान टीम के लिए रेड कारपेट बिछाया गया था। विमान से सबसे मेसी विश्वकप ट्रॉफी थामे हुए कोच लियोनल स्केलोनी के साथ उतरे जिन्होंने कप्तान के कंधे पर हाथ रखा हुआ था। यह दोनों इसके बाद एक बैनर के करीब से उतरे जिस पर लिखा था धन्यवाद, चैंपियन्स। खिलाड़ियों का स्वागत रॉक बैंड ला मोस्का ने मुचाचोस गाते हुए किया। यह गाना एक प्रशंसक ने बैंड के एक पुराने गीत की धुन पर लिखा था और कतर में विश्वकप में अर्जेंटीना के प्रशंसकों के लिए टीम का एक लोकप्रिय अनौपचारिक गीत बन गया था। विश्व चैंपियन टीम के सदस्य इसके बाद ऊपर से खुली बस में सवार हुए और मेसी सहित कई खिलाड़ियों को मुचाचोस को गाते देखा गया जबकि वह अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के मुख्यालय तक की यात्रा करने के लिए सभी का इंतजार कर रहे थे।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक हाईवे पर जुटे थे और अर्जेंटीना के ध्वज को लहरा रहे थे जिसके कारण बस काफी धीमी गति से चल रही थी। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने का पूरा प्रयास किया। हवाई अड्डे से एएफए मुख्यालय तक लगभग 11 किलोमीटर की यात्रा करने में बस को लगभग एक घंटे का समय लगा जहां खिलाड़ियों का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। वह एएफए मुख्यालय में कुछ घंटों के लिए सोएंगे और बाद में मंगलवार को बस से ओबिलिस्क के लिए रवाना होंगे जो ब्यूनस आयर्स का प्रतिष्ठित स्थल है। राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने मंगलवार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया है ताकि देश जीत का जश्न मना सके।

अर्जेंटीना टीम के कप्तान मेसी समेत पांच खिलाड़ी चोटिल होने से बाल-बाल बचे

ब्यूनस आयर्स पहुंचने के बाद जश्न के दौरान अर्जेंटीना टीम के कप्तान लियोनेल मेसी सहित पांच खिलाड़ी चोटिल होने से बाल- बाल बच गए। सभी खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ एक बस में सवार होकर रैली में शामिल हुए थे। फैंस के साथ अर्जेंटीना की टीम शहर में घूम रही थी। मेसी सहित पांच खिलाड़ी ट्रॉफी लेकर बस की छत में बैठे हुए थे। तभी एक बिजली का तार इन खिलाड़ियों के सामने आ गया। शुरुआत में किसी की नजर इस पर नहीं पड़ी, लेकिन सही समय पर एक खिलाड़ी ने देख लिया और सभी को सतर्क किया। ऐन वक्त पर सभी खिलाड़ी झुक गए और बस बिजली के तार के नीचे से गुजर गई।

प्रदेश के खिलाड़ियों ने 10 गोल्ड जीतकर बाजी मारी

राष्ट्रीय कैनोइंग स्प्रिंट प्रतियोगिता

भोपाल। 33वी राष्ट्रीय कैनोइंग स्प्रिंट प्रतियोगिता जूनियर सब जूनियर बालक बालिका वर्ग की तथा 16वीं पैरा केनो सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मप्र का विजयी अभियान जारी है। मप्र ने तीसरे दिन मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने तीसरे दिन 10 गोल्ड दो सिल्वर सहित कुल 12 पदक जीते। राजधानी के छोटे तलाब पर भारतीय कयाकिंग कैनोइंग संघ व मध्य प्रदेश क्याकिंग कैनोइंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में प्रतियोगिता आयोजित तो रही है। मंगलवार को 1000 मी के मुकाबले हुए। के-1 जूनियर बालक वर्ग में मप्र के नितिन वर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान ने रजत व महाराष्ट्र ने कांस्य पदक जीता। सी-4 जूनियर बालक वर्ग में मप्र की चौकड़ी अमन, देवेंद्र सेन, सचिन सेन व सुंदर सूर्यवंशी ने स्वर्ण पदक जीते। ओडिशा ने रजत व तेलंगाना ने कांस्य पदक जीता। के-2 में मप्र के नितिन वर्मा व रिमसन मेरेम्बम की जोड़ी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ओडिशा ने रजत व जम्मू कश्मीर ने कांस्य पदक जीता। सी-2 जूनियर बालक वर्ग में मप्र के देवेंद सेन व नीरज वर्मा की जोड़ी ने ओडिशा की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। सी-1 जूनियर बालक वर्ग में नीरज वर्मा व एन नेपोलिंग सिंह की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। के-4 जूनियर पुरुष वर्ग में मप्र के राजू वर्मा, रिमसन, रौनक व विशाल सिंह की चौकड़ी ने स्वर्ण पर निशाना साधा।

के-1 जूनियर महिला वर्ग में मप्र की बिनिता चानू ने ओडिशा की पी रोजी देवी को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जूनियर महिला के-2 में आस्था दांगी व बिनिता चानू की जोड़ी ने बाजी मारी। सी-4 जूनियर महिला वर्ग में मप्र की संतोम्बी देवी, मासूमा यादव, संजतली तवारी व शिवानी वर्मा की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। जूनियर महिला के-4 में ओडिशा की सोनिया देवी, पी रोजी देवी, श्रुति चोगुले व थांगम लक्ष्मी चानू की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक व मप्र की आस्था दांगी, निहारिका जायसवाल, रक्षिता व रूकमणी देवी ने रजत पदक जीता। जूनियर महिला सी-2 मे मप्र की संतोम्बी देवी व मासूमा देवी ने स्वर्ण पदक जीता।

पैरा कैनो में मप्र की प्राची और रजनी झा का जलवा

भोपाल। सोलवीं पैरा कैनो सीनियर महिला पुरुष चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 200 मीटर के इवेंट्स हुए इस प्रतियोगिता में पहली बार 8 टीमों के 57 खिलाड़ियों ने भाग ले रहे है। मध्य प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने सात गोल्ड तीन, सिल्वर तीन, कांस्य पदक सहित कुल 13 पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी है। इसके साथ ही पैरा कैनो की 9 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश की भारतीय सेना के पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिन खिलाड़ियों में जितिन जॉर्ज ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी टीम का गौरव बढ़ाया। केएल 2 इवेंट में मप्र की प्राची ने स्वर्ण व रजनी झा ने रजत पदक जीताए सीनियर महिला वर्ग में मप्र की संगीता ने स्वर्णएउप की शबाना ने रजत व अनुराधा ने कांस्य पदक जीता। केएल व में पूजा विजेता रही।

भारतीय टीम को लगा दूसरा झटका

रोहित के बाद सैनी भी बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

मुंबई । भारत के कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज नवदीप सैनी चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। बांग्लादेश दौरे पर दूसरे वनडे के दौरान रोहित के अंगूठे में चोट लगी थी। बीसीसीआई ने बताया कि रोहित मेडिकल टीम की निगरानी में है। मेडिकल टीम का मानना है कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने के लिए कुछ और समय चाहिए, इसलिए रोहित फिलहाल अपना रिहैब जारी रखेंगे।

दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, अभिमन्यु ईश्वरन, सौरभ कुमार, जयदेव उनादकट

दूसरी ओर, सैनी भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वह अब रिहैब के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का रुख करेंगे। पहले टेस्ट में 188 रन की जीत के साथ भारत ने दो मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट 22 दिसंबर से खेला जायेगा।

ग्राहम की हैट्रिक से अंतिम टी-20 में जीती ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम

भारत को 54 रन से हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम की

मुंबई। हीथर ग्राहम की हैट्रिक और मैन ऑफ द मैच व मैच ऑफ द सीरीज ऐश्ली गार्डनर के तूफानी अर्धशतक की मदद से ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पांचवें और अंतिम मैच में भारत को 54 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 4 -1 से अपने नाम की। हीथर ग्राहम टी20 क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाली ऑस्ट्रेलिया की दूसरी महिला क्रिकेटर बन गई। इससे पहले तेज गेंदबाज मेगान शट ने 2018 में यह कारनामा किया था। एशले गार्डनर और ग्रेस हैरिस के नाबाद अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 196 रन बनाये । जवाब में भारतीय टीम 142 रन पर आउट हो गई।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (दो) और फोबे लिचफील्ड (11) सस्ते में आउट हो गई। कप्तान ताहलिया मैकग्रा (26 गेंद में 26 रन) और एलिसे पेरी (14 गेंद में 18 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की। भारतीय गेंदबाजों ने शुरूआती विकेट जल्दी निकाले लेकिन उसके बाद उन्हें सफलता नहीं मिली। हैरिस और गार्डनर ने 62 गेंद में 129 रन की नाबाद साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को सीरीज में उसके सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। गार्डनर ने 32 गेंद में 66 रन जबकि हैरिस ने 35 गेंद में 64 रन बना। लक्ष्य पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और चौथी गेंद पर ही उन्होंने स्मृति मंधाना (चार रन) पवेलियन लौट गई। 24 रन के स्कोर तक शफाली

वर्मा (13 रन) भी आउट हो गई। हरलीन देओल ने 16 गेंदों में 24 रनों की पारी खेलकर भारत की वापसी कराने की कोशिश की, लेकिन उनके रन आउट होते ही भारत की पारी लड़खड़ा गइ। 13 ओवर की समाप्ति होने तक भारत ने 88 के स्कोर पर ही अपने सात विकेट गंवा दिए थे और बुरी तरह संघर्ष कर रहे थे। दीप्ति शर्मा ने अकेले संघर्ष किया और 53 रनों की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जिता नहीं सकीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्राहम ने आठ रन देकर चार विकेट अपने नाम किए।

इंग्लैंड ने किया पाक का घर में पहली बार सूपड़ा साफ

कराची । इंग्लैंड ने रेहान अहमद (48/5) के पंजे और बेन डकेट (82 नाबाद) के अर्धशतक के दम पर मंगलवार को तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान को आठ विकेट से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 167 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद यह पिछले 10 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की नौवीं जीत है, जबकि इससे पहले 17 टेस्ट में उन्हें सिर्फ एक जीत मिली थी। इस विजय के साथ इंग्लैंड पाकिस्तान को उसके घर में 3-0 से क्लीन स्वीप करने वाली पहली टीम भी बन गयी। इंग्लैंड ने 112/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत करते हुए लक्ष्य तक पहुंचने के लिये सिर्फ 38 मिनट का समय लिया। कप्तान बेन स्टोक्स ने नाबाद 35 रन जबकि डकेट ने 82 रन बनाये और 29वें ओवर में मोहम्मद वसीम जूनियर को चौका लगाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई। इससे पूर्व, पहली पारी में 50 रन की बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 216 रन पर ऑलआउट कर दिया। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे रेहान अहमद ने दूसरी पारी में 48 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि जैक लीच ने तीन विकेट लिए। स्टोक्स ने जीत के बाद कहा, हम यहां की परिस्थितियों में अच्छी तरह ढल गए, चाहे वह बल्ले से हो या गेंद से। हर खिलाड़ी का खुद पर और अपने आसपास के लोगों में जो विश्वास है वह अविश्वसनीय है। हर खिलाड़ी ने किसी न किसी मौके पर मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि पाकिस्तान में क्रिकेट का क्या मतलब है। हमें यहां अविश्वसनीय समर्थन मिला है। हमें ऐसा लगा कि यहां क्रिकेट को त्योहार की तरह मनाया गया। हम यहां जीतने के अलावा रोमांचक क्रिकेट खेलने भी आये थे। घरेलू टीम को हराना बहुत खास एहसास था।

मप्र की अंजली शर्मा और निकहत का विजयी आगाज

खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

भोपाल। टीटी नगर स्टेडियम के मार्शल आर्ट भवन में छटवीं एलीट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ मंगलवार को खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने किया। मध्यप्रदेश अकादमी की अंजली शर्मा और देश की स्टार तेलंगाना की निकहत जरीन ने भी जीत के साथ चैंपियनशिप का आगाज किया है। मंगलवार को अलग-अलग वेट कैटेगरी के कुल 27 क्वॉलीफाइंग मुकाबले खेले गए। पहले दिन मध्यप्रदेश बॉक्सिंग अकादमी की अंजलि शर्मा ने 45.48 किलोग्राम की मिनिमम वेट कैटेगरी में आंध्र प्रदेश की ज्योति गोरली को 5.0 से हराकर प्रिलिमिनरी राउंड में क्वॉलीफाई किया। अकादमी की ही मंजू बामबोरिया ने 63.66 किलोग्राम वेट कैटेगरी में अपना बाउट क्वॉलीफाई किया। तेलंगाना की अंतराष्ट्रीय मुक्केबाज निहकत जरीन ने 48.50 किलोग्राम फ्लाई वेट कैटेगरी में तमिलनाडु की एल के अभिनया को हराकर मैचजीता । इसके अलावा अन्य मुकाबलों में छत्तीगढ़ की इंद्रा सिंह ने दिल्ली की श्वेता को 52.54 किग्रा भार वर्ग में पराजित किया। इसके अलावा चंडीगढ़ की सिमरन ने हिमाचल प्रदेश की नेहा को हराया। रेलवे की मंजू रानी ने महाराष्ट्र की प्रियंका को शिकस्त दी।

प्रदेश के घुड़सवार राजू सिंह ने जीता रजत पदक

भोपाल। मप्र घुडसवारी अकादमी में आयोजित हो रही जूनियर नेशनल एक्वेस्टियन चैंपियश्नशिप में मप्र राज्य अकादमी के राजू सिंह ने जोरदार प्रदर्शन करत हुए रजत पदक जीता। मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में मंगलवार को दो इवेंट आयोजित हुए। यंग ड्रेसाज फ्री स्टाइल म्यूजिक इवेंट में मप्र अकादमी के राजू सिंह ने मटककली घोड़े पर सवार होकर रजत पदक जीता। इस इवेंट में स्वर्ण पदक इम्बैसी इंटरनेशनल राइडिंग स्कूल बेंगलुरू के श्लोक झुनझुनवाला ने आबरा का डाबरा घोड़े पर सवार होकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं कांस्य पदक वीरदानंद घुड़सवारी अकादमी गुरुग्राम के शशांक सिंह ने जीता। चौथा स्थान बीआरएफके चैतन्य बंसल ने जीता। इसके अलावा नेशनल चैंपियनशिप के जूनियर ड्रेसाज फ्री स्टाइल म्यूजिक आन चैंपियनशिप में चेन्नई इक्वेस्टियन सेंटर चेन्नई के समन्ना ईटी ने स्वर्ण पदक जीताए टार्क इक्वेस्यिन दिल्ली के अमैरह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इम्बैसी इंटरनेशनल राइडिंग स्कूल बेंगलुरू नयन सिंह ने ने तीसरा तथा उत्तरा ने चौथा स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर मप्र बाक्सिंग अकादमी के हाई परफार्मेंस कोच बर्नाड, मप्र ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह व संचालक खेल एंव युवा कल्याण ने पुरस्कार वितरित किए।

सौराष्ट्र की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाला शहर है भावनगर

गुजरात के भावनगर शहर को तालाबों और मंदिरों का घर भी कहा जाता है। गुजरात के पश्चिम भाग में स्थित इस शहर की स्थापना सन् 1743 में भावसिंहजी गोहिल द्वारा की गयी थी। इतिहास में उल्लेख मिलता है कि उनके पूर्वज राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र से यहाँ आए थे। उस समय यह एक फलता-फूलता बंदरगाह था। भावनगर लगभग दो शताब्दी तक बड़ा बन्दरगाह बना रहा और यहाँ से अफ्रीका, मोजांबिक, जंजीबार, सिंगापुर और खाड़ी के देशों के साथ व्यापार चलता था। अब तो घोंघा और अलंग बंदरगाह पर जहाज तोड़ने का बहुत बड़ा उद्योग विकसित हो चुका है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह शहर 1947 तक एक रियासत की राजधानी था जिसका बाद में भारतीय संघ में विलय हो गया था। भावनगर का विक्टोरिया पार्क पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है माना जाता है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए शत्रुंजय हिल पर स्थित जैन मंदिर पलिताना और वेलवदर अभ्यारण्य है। दरबारगढ़ (शाही निवास) भावनगर के मध्य में स्थित है। बताया जाता है कि भावनगर के शासकों ने मोतीबाग और नीलमबाग महल को अपना स्थाई निवास बनाया था। यहां गाँधी स्मृति संग्रहालय है जहां गांधीजी से संबंधित पुस्तकें और गांधीजी के फोटो देखे जा सकते हैं। यहाँ पर सौराष्ट्र की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली सामग्री का अच्छा-खासा संग्रह है। इसके अलावा भावनगर में बर्टन पुस्तकालय और तक्तेश्वर मंदिर भी प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। भावनगर देश का एक महत्त्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं औद्योगिक केंद्र भी है क्योंकि यहाँ कताई और बुनाई मिलें हैं। इसके अलावा यहाँ धातु-शिल्प, टाइल व ईंट बनाने के कारखाने, लोहे का ढलाईखाना और रासायनिक संयंत्र भी हैं। यहाँ केंद्रीय लवण एवं समुद्री रसायन शोध संस्थान भी है। इसके अलावा बंदरगाह पर स्थित लॉक गेट पूरे एशिया में अनोखा माना जाता है। साथ ही भावनगर में पढ़ाई के अनेकों अच्छे और बड़े संस्थान हैं जिनमें पढ़ाई के लिए देशभर से छात्र आते हैं। भावनगर आने की योजना बना रहे हैं तो आपको बता दें कि यह शहर देश के अन्य भागों से हवाई, रेल और सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा गुजरात राज्य परिवहन की बसें और प्राइवेटबसें इस शहर को गुजरात के अन्य शहरों से जोड़ती हैं।

अंतरराष्ट्रीय टी-20 के बाद सूर्या ने रणजी में दिखाए तेवर

भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए खटखटाया दरवाजा

नई दिल्ली। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में साल 2022 में सर्वाधिक रन बनाने वाले और सीमित ओवर प्रारूप में अपनी जगह पक्की कर चुके भारत के स्टार खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफी में तेज अर्धशतक जड़कर अपने टेस्ट डेब्यू के लिए बीसीसीआई का दरवाजा खटखटाया।

सूर्यकुमार यादव ने लगभग तीन साल बाद रणजी ट्रॉफी मैच खेलते हुए 80 गेंद में 90 रन की पारी खेली लेकिन वह शतक से चूक गए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (139 रन) और यशस्वी जायसवाल (162 रन) ने शतक जड़े जिससे मुंबई ने हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 457 रन बनाए। पिछला प्रथम श्रेणी मैच फरवरी 2020 में खेलने वाले सूर्यकुमार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा कई बार जाहिर कर चुके हैं। भारतीय टीम इस समय बांग्लादेश के दौरे पर है और आखिरी टेस्ट खेलने के बाद वापस घर लौट आएगी। अगले साल की शुरुआत में श्रीलंकाई टीम भारत दौरे पर आने वाली है। उसमें तीन टी20 मैच और तीन वन डे मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया अब मिशन विश्वकप 2023 की तैयारी शुरू कर रही है। आने वाले वक्त में भारतीय टीम में काफी बदलाव भी नजर आएंगे। सूर्यकुमार यादव अभी वनडे और टी-20 दोनों टीमों का हिस्सा रहेंगे। सूंकुमार के शानदार प्रदर्शन के चलते वह जल्द ही भारत के लिए टेस्ट में भी डेब्यू कर सकते है। साल 2022 में सूर्यकुमार यादव ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 31 टी20 मैचों में 46.56 के औसत और 187.43 के स्ट्राइक रेट से 1164 रन बनाए हैं। इस साल उन्होंने दो शतक और नौ अर्धशतक भी जड़े। वह इस साल अंतरराष्ट्रीय टी20 रैंकिंग में नंबर वन बल्लेबाज भी बने। इसके अलावा सूर्यकुमार ने साल 2022 में सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं।

मप्र के रजत और अक्षत ने जड़े अर्धशतक

इंदौर (आरएनएन)। रजत पाटीदार और अक्षत रघुवंशी के शानदार अर्धशतक की बदौलत गत चैम्पियन मध्यप्रदेश ने होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी मुकाबले में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन चंडीगढ़ के खिलाफ स्टंप्स तक सात विकेट पर 289 रन तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्यप्रदेश के सलामी बल्लेबाज यश दुबे 44 रन) और हिमांशु मंत्री (12) ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। लेकिन इसके बाद शुभम शर्मा एक रन और आदित्य श्रीवास्तव (सात रन) जल्दी पवेलियन लौट गए। मप्र का स्कोर एक समय चार विकेट पर 94 रन था। इसके बाद रजत पाटीदार और अक्षत रघुवंशी ने टीम को संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। पाटीदार ने 88 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं रघुवंशी 65 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। चंडीगढ़ के लिए संदीप शर्मा ने 81 रन देकर पांच विकेट झटके। एक अन्य मैच में पंजाब ने पहली पारी में 162 रन बनाने के बाद रेलवे के सात विकेट 77 रन पर कर दिए। मोटेरा पर खेले जा रहे मैच में जम्मू कश्मीर के खिलाफ गुजरात ने छह विकेट पर 267 रन बनाए। वहीं नागपुर में ए एस सरकार के छह विकेट की मदद से विदर्भ की टीम पहली पारी में 264 रन पर आउट हो गई। जवाब में त्रिपुरा ने बिना किसी नुकसान के तीन रन बना लिए थे ।

घने कोहरे की चपेट में अमृतसर स्वर्ण मंदिर

पंजाब के अमृतसर में मंगलवार को कंपकंपाती ठंड के बीच घने कोहरे में घिरा स्वर्ण मंदिर और उसके दो सेवादार। मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में अगले पांच दिनों तक कोहरे और तापमान में गिरावट का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान सात डिग्री दर्ज किया गया , वहीं अमृतसर का न्यूनतम तापमान रात 12 बजे आठ डिग्री दर्ज किया गया ।

मंगल पर चार वर्ष बिताने के बाद इनसाइट की शक्ति हुई कम

नासा के मंगल ग्रह इनसाइट लैंडर ने ट्विटर पर अपनी आखिरी तस्वीर पोस्ट की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। नासा के मंगल ग्रह इनसाइट लैंडर ने मंगलवार को ट्विटर पर अपनी आखिरी तस्वीर पोस्ट की, क्योंकि यह लाल ग्रह के इंटीरियर के रहस्यों को उजागर करने के अपने इतिहास-निर्माण मिशन के समापन की तैयारी कर रहा है। अंतरिक्ष यान की बिजली उत्पादन में गिरावट जारी है, क्योंकि इसके सौर पैनलों पर हवा के साथ उड़ने वाली धूल की परत मोटी हो जाती है। इनसाइट लैंडर टीम के एक सदस्य ने पोस्ट किया, मेरी शक्ति वास्तव में कम है, इसलिए मैं जो भेज रहा हूं, यह आखिरी तस्वीर हो सकती है। हालांकि मेरे बारे में चिंता न करें, मेरा समय यहां उत्पादक और शांत दोनों रहा है। अगर मैं अपनी मिशन टीम से बात कर सकता हूं, तो मैं जल्द ही यहां से विदा लूंगा। मेरे साथ रहने के लिए धन्यवाद।

30 सदस्यीय विषम ऑपरेशन टीम अन्य मंगल मिशनों की तुलना में एक छोटा समूह इनसाइट (भूकंपीय जांच, जियोडेसी और हीट ट्रांसपोर्ट का उपयोग करके आंतरिक अन्वेषण कार्य) ने सबसे अधिक निष्कर्ष देता रहा है। इनसाइट मिशन के साथ अंतिम चरणों में सबसे महत्वपूर्ण अपने डेटा के भंडार को संग्रहीत करना और इसे दुनिया भर के शोधकर्ताओं के लिए सुलभ बनाना है। नासा के अनुसार, लैंडर डेटा ने मंगल की आंतरिक परतों, इसके तरल कोर, इसके ज्यादातर विलुप्त चुंबकीय क्षेत्र की सतह के नीचे आश्चर्यजनक रूप से चर अवशेष, मंगल के इस हिस्से पर मौसम और बहुत सारी भूकंप गतिविधि के बारे में विवरण प्राप्त किया है। नवंबर 2018 में लैंडर के नीचे उतरने के बाद से इनसाइट के सीस्मोमीटर ने 1,300 से अधिक भूकंपों का पता लगाया है, जो 5 की तीव्रता को मापने वाला सबसे बड़ा है। इसने उल्कापिंड के प्रभावों से भी भूकंप दर्ज किए। मिशन के मुख्य अन्वेषक दक्षिणी कैलिफोर्निया में नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के ब्रूस बैनडेट ने कहा, आखिरकार, हम मंगल ग्रह को विभिन्न मोटाई की परतों वाले ग्रह के रूप में देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में विवरणों को छेड़ना शुरू कर रहे हैं। यह अब सिर्फ पहेली नहीं है, यह वास्तव में एक जीवित, यानी सांस लेने वाला ग्रह है। सीस्मोमीटर रीडिंग नासा के प्लैनेटरी डेटा सिस्टम में अपोलो चंद्र मिशन और वाइकिंग मार्स मिशन से अलौकिक भूकंपीय डेटा के केवल अन्य सेटों में शामिल होंगे।

आज का इतिहास

- **2002:** - ब्रिटेन ने धमकी के बाद बोगोटा का दूतावास बंद किया।
- **2007:** कवि हरिवंश राय बच्चन की पत्नी और अमिताभ बच्चन की मां तेजी बच्चन का निधन हुआ।
- **2007:** चीन के दक्षिणी यूनैन प्रान्त के कुनमिंग मिलिट्री एकेडमी में भारत व चीन में पहला साझा अभ्यास शुरू।
- **2008:** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व बॉलीवुड स्टार शाहरुख ख़ान को अमेरिका पत्रिका न्यूज बीक ने दुनिया के 50 शक्तिशाली लोगों की सूची में शामिल किया।
- **2009:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मण्डी की वित्त समिति एवं अधिशाषी मंडल (बीओजी) की प्रथम बैठक आयोजित हुई।
- **2012:** साउथ कोरिया के सिंगर साई का गाना 'गंगनम स्टाइल' यूट्यूब पर एक अरब बार देखे जाने वाला पहला वीडियो बना।

भाजपा सांसद चिखलीकर ने लोकसभा में उठाया मामला, कहा

चीन द्वारा हड़पी गई जमीन को वापस लेने का यह सही समय

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रतापराव पाटिल चिखलीकर ने मंगलवार को लोकसभा में 1962 में चीन के भारत की हजारों किलोमीटर जमीन हड़प लेने का मामला उठाया और सरकार से उस जमीन को वापस लेने के लिए कदम उठाने की मांग की।

62 भारत-चीन युद्ध

श्री चिखलीकर ने शून्य काल में कहा कि 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान चीन ने भारत की हजारों किलोमीटर जमीन अपने कब्जे में ले ली थी, इसके बाद संसद के दोनों सदनों में इस जमीन को वापस लेने का संकल्प लिया गया था। इस संकल्प के बावजूद बाद की सरकारों ने इसके लिए कोई प्रयास नहीं किये। उन्होंने कहा कि अब इस संकल्प को पूरा करने के लिए कदम उठाने का समय आ गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देशवासियों की भावनाओं को देखते हुए इस संकल्प को पूरा करने के लिए कदम आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

एम्स साइबर हमला: अज्ञात हैकरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सरकार ने मंगलवार को कहा कि राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सर्वर पर साइबर हमले के मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने लोकसभा में प्रश्नकाल में कांग्रेस के नेता अधीररंजन चौधरी के सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एम्स के सर्वर के संचालन एवं सुरक्षा एम्स के विशेषज्ञ करते हैं। विगत 23 नवंबर को हुए इस साइबर हमले के बाद सर्वर प्रभावित हुआ था और अब सर्वर सामान्य रूप से काम करने लगा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

श्री चौधरी ने इसके पीछे चीन एवं हांगकांग के हैकरों की भूमिका के बारे में पूछा था जिस पर श्री मिश्रा ने कोई उत्तर नहीं दिया और कहा कि सुरक्षा एजेंसियों इस बारे में जांच कर रहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली पुलिस की खुफिया एवं सामरिक अभियान इकाई ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पत्र लिखकर एम्स सर्वर पर साइबर हमले की जांच के लिए चीन और हांगकांग के कुछ ईमेल आईडी के आईपी पतों के बारे में इंटरपोल से जानकारी हासिल करने का अनुरोध किया है। रैनसमवेयर साइबर हमले में एम्स का सर्वर ठप्प हो गया था और उसे सामान्य स्थिति में लाने में काफी वक्त लगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री मिश्रा ने बताया कि देश में साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण के लिए 27 हजार से अधिक अधिकारियों ने पंजीकरण कराया है जबकि 7 हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षण के बाद प्रमाणपत्र दिया जा चुका है।

भारत जोड़ो यात्रा आज करेगी हरियाणा में प्रवेश

मार्शल आर्ट्स के बच्चों ने राहुल गांधी को दिखाए करतब

अलवर, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा ने राजस्थान में 16 दिनों में छह जिलों में 485 किलोमीटर का सफर तय किया। बुधवार को यात्रा हरियाणा में प्रवेश करेगी।

सोशल मीडिया पर राहुल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें वे राहुल की दाढ़ी सहलाकर अपना स्नेह जताते दिख रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे कटी घाटी से अपनी यात्रा शुरू की। राहुल गांधी की यात्रा मोती डूंगरी पहुंची जहां राहुल गांधी ने मार्शल आर्ट्स बच्चों को मंच से नीचे बुलाया और बच्चों से मिले। मार्शल आर्ट के बच्चों ने राहुल गांधी को अपने करतब दिखाए जिससे वह बच्चों के करतब देखकर काफी प्रसन्न हो गए। मोदी गढ़ में ब्रेकफास्ट करने के बाद राहुल गांधी की यात्रा रामगढ़ पहुंची और रामगढ़ से नौगावा तक राहुल गांधी पैदल अपनी यात्रा निकाली उसके बाद रात्रि विश्राम नौगांवा के कृषि महाविद्यालय में हुआ। उसके बाद बुधवार सुबह राहुल गांधी की यात्रा हरियाणा सीमा में प्रवेश कर जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासयिव जयराम रमेश ने कहा कि बुधवार को जय जवान दिवस है और भारत जोड़ो यात्रा इस दिन हरियाणा में प्रवेश करेगी और श्री राहुल गांधी इस अवसर पर पूर्व सैनिकों के साथ रहेंगे और किसान संगठनों से बात करेंगे। 24 दिसंबर की रात को भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली पहुंचेगी।

सैनिकों के सम्मान की बात सही, चीन से सख्ती क्यों नहीं: कांग्रेस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के सैनिकों का 'सम्मान' करने वाले बयान से पूरी सहमति जताई लेकिन कहा कि सरकार को चीन की घुसपैठ पर सख्ती दिखाते हुए चीन के राजदूत को बुलाकर कड़ा संदेश देना चाहिए था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लोकसभा में श्री जयशंकर की सोमवार को की गई टिप्पणी पर कहा कि हम विदेश मंत्री के इस कथन से पूर्णतया सहमत हैं कि हमारे जवानों का 'सम्मान, सराहना और सत्कार' किया जाना चाहिए, लेकिन उनका दावा है कि चीन के साथ हमारे संबंध 'सामान्य नहीं' हैं। फिर हमने चीनी राजदूत को बुलाकर आपत्ति पत्र क्यों नहीं थमाया, जैसा कि हम पाकिस्तान के उच्चायुक्त के साथ करते हैं।'' सैनिकों के 'सम्मान' होने की बात स्वीकार करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा और कहा कि हमारे सैनिक सीमा पर दुश्मन के खिलाफ डटकर खड़े हैं, लेकिन सवाल किया कि क्या यह भी सम्मान की भावना थी जब श्री मोदी ने 19 जून 2020 को सीमा की रक्षा करते हुए 20 जवानों की शहादत के समय उन्हें यह कहने को प्रेरित किया ''न वहां कोई हमारी सीमा में घुस आया है और न ही कोई घुसा हुआ है।

डोडा में चिनाब में गिरी कार, तीन लोगों के मरने की आशंका

जम्मू, (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक कार चिनाब नदी में गिर गई और उसमें सवार तीन लोगों के मारे जाने की आशंका है। पुलिस के अनुसार, यह कार डोडा-किश्तवाड़ मार्ग पर गड्डू के पास चिनाब नदी में गिरी, जिसके बाद एसडीआरएफ कर्मियों के साथ एक पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने कहा कि पुल डोडा के पास यह दुर्घटना हुई और तलाशी के दौरान एक डूबे हुए व्यक्ति का ड्राइविंग लाइसेंस मिला जिससे उसकी पहचान मंजीत सिंह, निवासी सांगोई गांव, तहसील भड़ी के रूप में हुई । इसके बाद भी तलाशी अभियान जारी रहा।

त्रिपुरा में ईडी का तीन भांग व्यापारियों पर छापा

अगरतला (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने त्रिपुरा में भांग के तीन व्यापारियों पर सोमवार को छापेमारी की और एक बैंक खाते में जमा दो करोड़ रुपए, सावधि जमा, बीमा पॉलिसियों, अचल संपत्तियों के दस्तावेजों को जब्त किया। यह जानकारी ईडी ने मंगलवार को एक बयान में दी। ईडी अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी के तीन मामलों की जांच में अगरतला और सिपाहीजाला जिलों के दो स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत छापेमारी की थी। ईडी ने त्रिपुरा पुलिस द्वारा एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 20/29 के अंतर्गत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की और सुजीत सरकार, बिजॉय पॉल और परेश चंद्र रॉय पर कार्रवाई की गई।

यूएन में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर मंथन

न्यूयार्क, (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि यूएनएससी में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश देश सुरक्षा परिषद के विस्तार पर सहमत हैं, हालांकि वीटो के अधिकार का मुद्दा अभी उलझा हुआ है। यूएनएससी में अभी पांच देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका स्थायी सदस्य हैं। इन्हें वीटो का अधिकार भी मिला हुआ है। भारत सहित कई देश लंबे समय से दुनिया के बदलते स्वरूप के अनुरूप यूएनएससी के विस्तार की मांग कर रहे हैं। अब यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दावा किया है कि सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा- बड़ा सवाल सुरक्षा परिषद के विस्तार और परिषद के नए स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार दिये जाने से संबंधित है।

रामदेव बाबा का कार्टून बनाने पर दो के खिलाफ केस दर्ज

देहरादून, (एजेंसी)। उत्तराखंड पुलिस ने मंगलवार को देहरादून के दो कार्टूनिस्ट के खिलाफ कथित तौर पर योग गुरु रामदेव के अश्लील पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला दर्ज किया। आरोप है कि अश्लील पोस्टर बनाकर योग गुरु रामदेव की छवि खराब करने की कोशिश की गई है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। कनखल थाना प्रभारी मुकेश चौहान ने बताया कि पतंजलि योगपीठ के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर कार्टूनिस्ट गजेंद्र रावत और हेमंत मालवीय के खिलाफ यहां कनखल थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों पर अश्लील पोस्टर बनाकर और इन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर योग गुरु की छवि खराब करने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

स्मृति ईरानी पर विवादित बयान देना पड़ा महंगा,केस

सोनभद्र, (एजेंसी)। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ दिए गए विवादित बयान से खफा भाजपा की एक नेता ने कांग्रेस के प्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दरअसल, सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय सोनभद्र आये हुए थे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री एवं अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी के सम्बंध में कहा कि वो अमेठी में आती हैं और लटके झटके दिखाकर चली जाती हैं। श्री राय के बयान से नाराज सोनभद्र भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में एक प्राथमिक दर्ज करायी है। पुष्पा सिंह ने कोतवाली में दिये तहरीर में बताया कि कांग्रेस नेता ने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के विरूद्ध बेहद अपमानजनक टिप्पणी की है। उनका यह कथन हम महिला बहनों के लिए बेहद अशोभनीय है और कांग्रेस की निराशावादी दृष्टिकोण का परिचायक है।

गुजरात के गांव में भूकंप से अफरा-तफरी

अमरेली (सौराष्ट्र), (एजेंसी)। मित्याला के ग्रामीणों ने सोमवार को 24 घंटे से भी कम समय में चार बार मामूली झटके महसूस किए। यह पहली बार नहीं है, पिछले दो सालों में दिन में चार से पांच बार भूकंप के झटके देखे हैं, जिससे यहां के लोग सर्दी की रातों में भी खुले में सोते हैं। गांव के सरपंच (ग्राम प्रधान) मनसुख मोलादिया का कहना है कि मामला जिला और राज्य प्रशासन के संज्ञान में लाने के बावजूद वह कुछ नहीं कर रहा है। रात में बड़े भूकंप के डर से ग्रामीण सर्दी में भी खुले आसमान के नीचे सोते हैं।

विशेषज्ञ बोले- चिंता की कोई बात नहीं

अमरेली जिले के निवासी अतिरिक्त कलेक्टर रवींद्र वाला ने कहा- यह सच नहीं है कि जिला प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है। गुजरात आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान को इसके बारे में सूचित कर दिया गया है और संस्थान के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन पूरा कर लिया है जबकि एक और टीम बुधवार को आ रही है।

शोपियां में कश्मीरी पंडित के हत्यारे सहित लश्कर के तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर, (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को एक मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराया, जिसमें एक कश्मीरी पंडित का कथित हत्यारा भी शामिल है।

संयुक्त बलों को आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक गुप्त सूचना मिलने के बाद शोपियां के मुंझ मार्ग इलाके में एक घेराबंदी और तलाशी अभियान के शुरू किया गया। इस दौरान आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि तलाश अभियान के दौरान, जैसे ही संयुक्त सुरक्षा दल संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ा, छिपे हुए आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसका प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की गई, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में, तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए।

पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और दो ग्रेनेड सहित कई आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। पुलिस ने मारे गए लोगों की पहचान शोपियां निवासी मोहम्मद लतीफ लोन, अनंतनाग निवासी उमर नजीर भट और बारामुला के दानिश हुसैन काकरू के रूप में की है।

ब्रिटिश एयरवेज की उड़ानें दुनियाभर में ठप पड़ीं

लंदन, (एजेंसी)। दुनियाभर में ब्रिटिश एयरवेज की उड़ानें ठप पड़ गई हैं। एयरपोर्ट पर हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। कोई फ्लाइट 20 घंटे लेट है तो वहीं कुछ फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। ऐसे में हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंसे पड़े हैं। वहीं, इस पूरे मामले में ब्रिटिश एयरवेज का कहना है कि तकनीकी खामी के कारण ऐसा हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश एयरवेज की कम से कम 15 फ्लाइट्स लंदन के हिथ्रो एयरपोर्ट पर फंसी पड़ी हैं। हजारों यात्री अपने परिवार के साथ यहां फंसे पड़े हैं। ये उड़ानें यूरोप, अमेरिका और एशिया की उड़ान भरने वाली थी। इन उड़ानों में कोई 20 घंटे लेट है तो कुछ फ्लाइट को रद्द कर दिया है। यात्रियों में आक्रोश है। एलिजाबेथ हर्ली नाम की एक एक्ट्रेस ने ब्रिटिश एयरवेज को ट्विटर पर टैग करते हुए गुस्सा जाहिर की है।

142 छात्र-छात्राओं को पदक, 1.19 लाख छात्र-छात्राओं को उपाधि

प्रयागराज, (ब्यूरो)। दो दिवसीय भ्रमण पर प्रयागराज पहुंची राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज दूसरे दिन मंगलवार को प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विवि के पंचम दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। दीक्षांत समारोह में कुल 142 छात्र-छात्राओं को पदक तथा 1,19,377 छात्रों को उपाधि दी गई।

राज्यपाल ने राज्य विवि कैम्पस को ग्रीन कैम्पस में बदलने की कड़ी में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए निशुल्क साइकिल की सुविधा का शुभारंभ भी किया गया। राज्यपाल ने विवि द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती सरायबहार सोरांव ब्लाक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरायबहार के बच्चों को बैग व फल का वितरण किया।

दीक्षांत समारोह

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विवि का पंचम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को छात्र और छात्राओं को पदक और उपाधि वितरण किया। उन्होंने कहा युवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों हेतु तैयार करने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विवि के दीक्षान्त समारोह में उपस्थित डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन पूर्व चेयरमैन इसरों सहित सभी महानुभावों का स्वागत व अभिनन्दन करती हूँ। उन्होंने प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) जिनके नाम से यह विवि स्थापित है, को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज सुधारक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह जी का प्रयागराज की धरती से अतिशय लगाव था।

क्रिसमस व न्यू ईयर के लिए मनाली तैयार

शिमला, (एजेंसी)। क्रिसमस और नये साल के उत्सव के लिए हिमाचल की पर्यटन नगरी मनाली सजने लगी है। पर्यटन निगम समेत अन्य बड़े होटलों में न्यू ईयर व क्रिसमस ववीन चुनी जाएगी। होटल संचालकों ने इसके लिए अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं शहर में अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों की सख्या हर रोज बढ़ने लगी है। हिमपात न होने से मनाली की चोटियां सूनी दिखने लगी हैं, लेकिन मनाली आने वाले पर्यटकों को कोकसर व सिस्सू में बर्फ देखने को मिलेगी। मनाली में अधिकतर होटलों में 70 से 80 प्रतिशत कमरे एडवांस में बुक हो गए हैं। मनाली में छोटे बड़े 1500 से अधिक होटल, रिजॉर्ट, होम स्टे और गेस्ट हाउस व कॉटेज हैं, जहां एक रात में 40 हजार पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था है। होटल अनंत माया के मैनेजर रवि, मनु आलय मैनेजर राणा, बड़ा गढ़ रिजॉर्ट के एमडी नकुल खुलर और रोहतांग हाइट के सुशील ने बताया कि होटलों में ठहरे पर्यटकों में प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

बढ़ी ताकत — प्रोजेक्ट-75 में स्कॉर्पीन डिजाइन की छह पनडुब्बियों का स्वदेशी निर्माण किया गया

नौसेना को मिली पांचवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी वागीर

मुंबई, (एजेंसी)। प्रोजेक्ट 75, यार्ड 11879 की कलावरी श्रेणी की पांचवीं पनडुब्बी 'वागीर' मंगलवार को भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया गया है। प्रोजेक्ट-75 में स्कॉर्पीन डिजाइन की छह पनडुब्बियों का स्वदेशी निर्माण किया गया है, जिसमें पनडुब्बी 'वागीर' भी शामिल है।

ये पनडुब्बी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और फ्रांस की मैसर्स नेवल ग्रुप, फ्रांस की सहयोग से बनाया जा रहा है। पनडुब्बी 'वागीर' ने अपनी पहली समुद्री परीक्षण यात्रा 1 फरवरी, 2022 को अपनी शुरू की थी। ये बड़े गर्व की बात है कि इसने अपने सभी प्रमुख ट्रायल पूर्व की सारी पनडुब्बियों से कम समय में पूरी कर ली है। पनडुब्बी 'वागीर' ने प्रोपल्शन प्रणाली, हथियार और सेंसर सहित समुद्र में अपनी सभी प्रणालियों के गहन परीक्षणों को सफलता से पार कर चुकी है।

ये कलावरी श्रेणी की पनडुब्बी

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने इसे बनाया

- पानी के अंदर गति 37 किलोमीटर प्रतिघंटा
- पानी के अंदर रह सकती है 50 दिनों तक
- इससे 18 एसयूटी टारपीडोज और एसएम .39 एक्सोसेट एंटीशिप मिसाइल को किया जा सकता है लांच
- एंटी टारपीडो काउंटर मेजर सिस्टम से भी है लैस
- पानी के अंदर से ही मिसाइल लांच करने की क्षमता

मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट

चूंकि पनडुब्बी का निर्माण एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है जिसमें सभी उपकरणों को छोटा करना होता है और उच्च गुणवत्ता को भी बरकरार रखना पड़ता है। प्रोजेक्ट-75 में इन पनडुब्बियों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड में होना यह सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के अभियान को प्रोत्साहित करता है और इस क्षेत्र में आत्मविश्वास को बढ़ता है। इस प्रोजेक्ट की एक और खासियत यह रही है कि मात्र 24 महीने की अवधि में इसने भारतीय नौसेना को तीसरी पनडुब्बी दी है।

जल्द ही नौसेना में आधिकारिक रूप से शामिल: पनडुब्बी को जल्द ही भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा और भारतीय नौसेना की क्षमता में वृद्धि की जाएगी।

पद हमारे लिए अहमियत नही रखता: सपा नेता शिवपाल

प्रयागराज (ब्यूरो)। प्रयागराज पहुंचे सपा नेता शिवपाल यादव ने पूर्व मंत्री मंत्री ललन राय के ममफोर्डगंज स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की। सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा कि हमारे लिए पद मायने नही रखता, बल्कि जनता की विश्वास बड़ी बात है। हम आजीवन सपा मे ही रहेगें सपा को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है। अखिलेश विपक्ष के अच्छे नेता है। जहां भी सपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं पर उत्पीड़न होगा हम बर्दाश्त नहीं करेगें।

सपा विधायक इरफान के खिलाफ हो रही कार्यवाही पर भाजपा सरकार जम कर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओ पर झुठे केस दर्ज हो रहे है विपक्ष का उत्पीडन हो रहा है इरफान की लडाई हम सदन तक लड़ेगें। भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड इस सरकार ने तोड़ दिया है इतना भ्रष्टाचार मैने न कभी देखा और न सुना हर जगह रिश्वत चल रही है। भाजपा की सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। श्री यादव ने कहाँ किसी का घर गिरा दो ठोक दो ये क्या है? इतना उत्पीड़न तो कभी नही हुआ हम भी सरकार में रहे है विपक्ष का हमेशा सम्मान किया ।

ब्लाक सभागार में महिला चेतना समिति द्वारा राशन पेंशन एवं मनरेगा पर की गयी जन-सुनवाई

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के केराकत ब्लॉक परिसर में महिला चेतना समिति व सहयोग लोक चेतना समिति केराकत के तत्वाधान में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक सभागार केराकत में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रेरणा गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का विषय प्रवेश करते हुए लोक चेतना समिति से ब्लाक संयोजक अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा किस उद्देश्य के साथ शुरू किया गया और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है यहां कार्यक्रम में उपस्थित मजदूर प्रस्तुत करेंगे। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत सभी पात्र लोगो को राशन की सुविधा दी गई पर खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत जुड़े लोगो स्थिति क्या है वह इससे जुड़े लोग इसमें आ रही घटतौली,यूनिट कटने की समस्या, राशन कार्ड न बनने व सर्वर डाउन होने जैसी तमाम समस्याओं को आपके सामने रखेंगे पेंशन से जुड़ी समस्याएं जैसे पेंशन के लिए केवाईसी की समस्या, पेंसन आवेदन के बाद भी न बन पाने की समस्या सामने स्पष्ट रूप से

दिखाई देती है। तत्पश्चात मनरेगा में काम न मिलने पर महुली की अमरावती, आवेदन के बाद भी काम न मिलने पर, घुड़दौड़, राकेश गोबरा रामजीत, कार्य स्थल पर बुनियादी सुविधाओं के न होने पर सोनी सोहनी, मेठ की समस्या पर किरन, पेंसन पर सूखा, धर्मा, रविता, बाबूलाल व खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत राशन की समस्या पर घटतौली पर पूनम उदयचंद्रपुर, आशा देवराई से अपने पंचायत में आ रही समस्याओं को रखा।दिव्यांग बाबूलाल भैंसा से बताया कि हम दोनों दिव्यांग है न पेंशन मील रहा न राशन कॉर्ड बना। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी ने कहा कि आप सभी की समस्याओं को सुन लिया गया जांच कर उचीत कार्यवाही किया जाएगा व मनरेगा विभाग से संजय आजाद ए.पी.ओ जी का कहना था काम के आवेदन के बाद काम मिलना चाहिए पर काम की भी तलाश गाँव में करना है तभी काम मिलेगा काम के बाद मजदूरी का भुगतान नही होता है तो उसकी जांच करवाकर उचित कार्यवाही किया जाएगा। आप सभी के द्वारा कहा गया कि हमने आप की समस्याओं को सुना है और उन समस्याओं के समाधान करने की व्यवस्था करेंगे ।

तत्पश्चात कृष्ण कान्त यादव बी.डी.ओ केराकत द्वारा बताया गया कि सरकार कि जो भी योजनाएं चल रही है हमारा प्रयास है कि पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिले। कार्यक्रम का संचालन लोक समिति संयोजक अनिल कुमार द्वारा किया गया कार्यक्रम में कृष्ण कान्त यादव (खंड विकास अधिकारी), संजय आजाद (ए.पी.ओ), जैस यादव ए.डी.ओ पंचायत), धनपत नारायण जेई व लोक चेतना समिति से ज्योति , दीपमाला , सरिता , शीला, ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवराई , बरईछ , रामगढ़ , सोहनी , उदयचंद्रपुर , गोबरा , बराई , गुलरा , महुली , घुड़दौड़ , जमुआ , भैंसा , उमरवार बंमबावन , नाऊपुर से राशन, पेंशन और मनरेगा से प्रभावित लगभग सैकड़ों लोग महिला पुरूषों की भागीदारी रही।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता मिलने पर शिक्षकों ने अम्बेडकर पार्क में एक दूसरे का मिठाई खिलाकर मनाया खुशियाँ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शिक्षक हितों की रक्षा, मान-सम्मान और हक-अधिकार के सुरक्षा हेतु संघर्षरत सक्रिय समतामूलक शिक्षक संगठन उत्तर प्रदेश शिक्षक महासभा उ.प्र.को सोसाइटी अधिनियम संख्या 21, 1860 के अधीन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता (रजिस्ट्रेशन) मिल जाने के उपलक्ष्य में सोमवार की देर शाम कचहरी स्थित डॉ.अंबेडकर स्मारक में उपस्थित होकर वाराणसी मंडल के सभी प्रदेश/मंडल/जिले के सम्मानित पदाधिकारीगण एवं शिक्षकगण माल्यार्पण किया गया सभी

शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया तथा शिक्षक महासभा के विस्तार एवं प्रचार-प्रसार हेतु विचार-विमर्श किया गया बैठक की अध्यक्षता गंगा प्रसाद , प्रांतीय संरक्षक ने किया संचालन कुंवरजीत इलाहाबादी, प्रदेश महामंत्री ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन रवि कुमार , प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने किया` इस अवसर पर मोतीलाल जिलाध्यक्ष, नीरज कुमार विमल जी,शंकर दीप राम , हृदय राज कपूर , सीताराम कबीर , वंशराज जी, महेंद्र कुमार , शैलेन्द्र कुमार गौतम जी, पुष्पचंद्र सागर , धर्मेन्द्र प्रसाद , अनिल चौधरी , सत्य प्रकाश पटेल, मधुबाला जी,राम जतन पाल , हरगोविंद व्यास , सरोज कुमार ,प्रदीप कुमार ,कवींद्र जी आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

गलन और कोहरे के कारण सड़कों पर पसरा सन्नाटा

प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर गाजीपुर। स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कल 20 दिसंबर की शाम से ही गलन बढ़ने लगी। रात में कोहरा भी गिरने लगा। कोहरे और गलन के कारण नागरिकों का जीवन काफी अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह लगभग 10 बजे तक कोहरा इतना घना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर जब वाहन काफी नजदीक आते थे तो पता चलता था कि वाहन आ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में रात्रि से ही ठंड और कोहरे काफी घने थे। सुबह कोहरे के कारण सड़कों पर भीड़ कम थी। नागरिक अपने घरों में लगभग 8 बजे तक बंद रहे। कुछ नागरिकों द्वारा सड़कों पर प्लास्टिक व कागज जलाकर आग के सामने बैठे पाया गया। क्योंकि अभी नगर क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था नहीं हुई है ।कोहरे के कारण सड़कों पर भी सन्नाटा था। वाहन अपनी हेड लाइट जलाकर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। नागरिक लगभग 8 बजे सुबह तक कोहरे के कारण अपने घरों में कैद थे। नागरिकों ने ठंड को देखते हुए क्षेत्र के तिराहे और चौराहे पर अलाव जलाने की मांग की है। नागरिकों के अनुसार उन्हें आज कोहरे और गलन का एहसास हुआ ।लगभग 12 बजे के बाद नागरिकों को भगवान भास्कर के दर्शन हुए। कुल मिलाकर चारों तरफ कोहरा ही कोहरा था।

गरीबों परिवार में बांटा गया कंबल

प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय क्षेत्र के यूसुफपुर रेलवे स्टेशन के पास कल 20 दिसंबर को देर शाम गरीबों को कंबल वितरित किया गया। लगभग 500 परिवारों को कंबल दिया गया। बताया जाता है कि नगर क्षेत्र में कोहरे और गलन से नागरिकों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके अंतर्गत क्षेत्र के समाज सेवी चुन्नू लाल वर्मा ने 500 गरीब परिवारों को कंबल वितरित किया। बताते चलें कि यूसुफपुर स्टेशन के पूर्वी और पश्चिमी तरफ कुछ गरीब परिवार रहते हैं । ये सभी परिवार दैनिक मजदूरी या भीख मांग कर किसी तरह अपना भरण-पोषण करते हैं। विगत दिनों उप जिला अधिकारी हर्षिता तिवारी द्वारा इन बस्तियों में रहने वाले लोगों की स्थिति देखी गई ।उन्होंने सभी लोगों के आधार कार्ड व राशन कार्ड बनाने की बात कही थी। इस संबंध में उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी दिया था। इस गलन भरी ठंड को देखते हुए समाज सेवी चुन्नू लाल वर्मा ने इन गरीब परिवारों में 500 कंबल का वितरण किया। पत्र प्रतिनिधि के पूछने पर उन्होंने बताया कि अभी और भी स्थानों पर गरीबों को कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। ठंड और गलन से कपड़ों के घरों में रहने वाले किस तरह अपना जीवन गुजार रहे हैं ,इसे स्पष्ट देखा जा सकता है। कंबल वितरण यूसुफपुर मंडी समिति के पास किया गया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी हर्षिता तिवारी तथा तहसीलदार विजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर काफी भीड़ उपस्थित थी। समाजसेवी के साथ सहयोग करने वालों में ईश्वर दयाल, मनोज कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, बृजेश यादव एवं अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

ठंड लगने से अधेड़ की हुई मौत परिजनों ने मचा कोहराम

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत कदहरा अंडर रेलवे के पास बीती रात ठंड लगने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लिया। गौरतलब हो कि सुबह शौच करने निकले ग्रामीणों ने अंडर पास के पास अज्ञात साईकिल व बगल में ठंड से मृत पड़ा अधेड़ का शव देख घटना की जानकारी शौच के लिए आये और लोगो से बताई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट गई पुलिस ने दो घंटे के अंदर अज्ञात शव की पहचान नरेंद्र विश्वकर्मा पुत्र रामदुलार विश्वकर्मा मीरपुर गांव से हुई। घटना सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया आनन फानन में परिजन कोतवाली पहुंचे। परिजनों के जानकारी के अनुसार नरेंद्र विश्वकर्मा एक महीने से अपनी पुत्री के घर जमैथा गाँव काम करने गये थे कल शाम अचानक शराब पीकर वहा से घर के लिए आ रहे थे और सुबह हम लोगो को उनकी मौत की खबर मिली। वही प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि ठंड लगने से उनकी मृत्यु हुई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

छात्रों ने सांता क्लॉज को पत्र लिख, क्रिसमस की दी बधाइयां, मांगे उपहार

प्रखर राजातालाब वाराणसी। छोटे बच्चों ने सांता क्लॉज को पत्र लिखकर क्रिसमस डे की बधाइयां दी हैं। छात्रों ने सांता क्लॉज से तरह-तरह के उपहार भी मांगे किसी छात्र ने उनसे पतंग तो, किसी ने टॉफी किसी ने तबीयत ठीक रखने के लिए आशीष मांगा तो कुछ ने उनसे गरीबों की मदद करने के लिए दुआएं मांगी। पत्र लिखने वालों में गंगापुर इंटर कॉलेज के कक्षा 7 और 8 के छात्र रहे। इन छात्रों ने पत्र को डाक के माध्यम से सांता क्लॉज को भेजा। इस दौरान प्रेमचंद, अंजली यादव, नैना सेठ,तनु यादव,अविनाश यादव, अभिमन्यु सेठ, अंकित यादव, किशन कुमार, वंश कनौजिया हर्ष सेठ आदि छात्र शामिल रहे।

डोम समाज फाउण्डेशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी द्वारा चिंतन सभा बैठक का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। छोटी मलदहिया मलीन बस्ती में नीलकंठ तिवारी विधायक दक्षिणी वाराणसी जो डोम बस्ती में डोम समाज फाउण्डेशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जन सुनवाई के साथ डोम फाउण्डेशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी द्वारा चिंतन सभा बैठक का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है जिसमें विधायक नीलकंठ तिवारी द्वारा पदाधिकारियों को जोश एवं उत्साहवर्धन के साथ डोम समाज के विकास पर जन सुनवाई किया गया जिसमें विधायक नीलकंठ तिवारी ने छोटी मलदहिया में अर्द्धनिर्मित पंचायत भवन का पूर्ण निर्माण एवं आंगनवाड़ी में डोम दलित बच्चों को पढ़ने के लिये पंचायत भवन का निर्माण कराने का वादा किया एवं समाज के लोगों महानिषेध पर जोर देते हुए शराब बच्चों का उचित शिक्षा दिलाने की सलाह दिया एवं महिलाओं को अपने पति को समझाये की शराब न पिये उसके साथ महोदय ने डोम समाज के विकास के बीच अर्चन आने पर उसे अपने स्तर से दूर करने का वादा किया प्रदेश डोम समाज फाउण्डेशन के अध्यक्ष ने उसका भव्य स्वागत करते हुए डोम समाज की समस्या, पीने के पानी की सप्लाई एवं बिजली के खम्बे लगाने के लिए विभाग को आदेश के लिए विधायक महोदय से आग्रह किया तथा महासचिव कन्हैया लाल ओम ने बच्चों के लिए पितरकुण्डा, मछोदरी एवं छोटी मलदहिया में डोम समाज फाउण्डेशन के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी खोलने एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के रूप में डोम समाज की पढ़ी-लिखी लड़कियों की नियुक्ति कर डोम समाज का विकास किया जाय इस चिंतन सभा का बैठक का संचालन ठेकनाथ नारायणपुर एवं रंजीत चुनार ने किया दर्शनलाल प्रवक्ता ने डोम समाज के बारे में बताते हुए बुराई को दूर करने के तरीकों को समझाया इस चिंतन सभा में वाराणसी, जौनपुर, मिजार्पुर, चंदौली, सोनभद्र के लोगों के साथ राजूराज, अनिल, रंजीत, रामशरण आदि लोग उपस्थित रहे अजय कुमार प्रदेश अध्यक्ष डोम समाज फाउण्डेशन , दिनेश, मोहन, लल्लू , राजेश, गुलाब करन,अर्जुन गोपाल, कल्लू ,सूरज सारंगा देवी, गीता देवी चन्द्रतारा, सखी लाल ,लक्ष्मी, फूलवा, प्रेमलता देवी ,फूल कुमारी ,उषा देवी इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

निदिलपुर में उड़ रहीं स्वच्छता अभियान की धज्जियां

प्रखर धानापुर चंदौली। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत निदिलपुर गांव में लगभग 5 लाख की लागत से वर्ष 2020 में निर्मित सामुदायिक शौचालय गंदगी से पट गया है। हालात इतने खराब है कि शौच करने की बात तो दूर स्वच्छता शौचालय के आस पास भी आप खड़ा भी नहीं हो सकते हैं। आलम यह है कि गांव में सामुदायिक शौचालय बने होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोग शौच के लिए खेतों में जाने को मजबूर हैं। सामुदायिक शौचालय के रखरखाव के लिए महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से एक समिति संचालित है। जिसमें कुल 10 महिलाएं मौजूद है। संचालन समिति को नौ हजार रूपए प्रति माह मिलता है। लोगों का आरोप है कि सामुदायिक शौचालय बनाने के एक साल बाद ही ग्राम पंचायत का चुनाव हुआ और नए ग्राम प्रधान

नियुक्त हुए। कुछ दिनों तक तो सही था पर लगभग 2-3 महीनों से एकदम बंद है। जिससे दर्जनों घरों के लोग खुले में शौच करने को बेबस है। जब की कई बार ग्राम प्रधान का ध्यान आकर्षित किया गया पर अभी तक कोई कार्य नहीं कराया गया। इसको सही कराना ग्राम प्रधान उचित नहीं समझ रहे है। जब कि इस चीज का जिम्मेदारी वह स्वयं संचालन समिति से लिए है। वहीं दूसरी तरफ प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि गांव में घूम घूम कर कहां गंदगी है और कहा साफ करवाना है ये प्रधान कि जिम्मेदारी नहीं है। वहीं ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक शौचालय को सुचारु रुप से प्रारंभ करवाने की मांग की गई। जिसमे अनिल गिरी, मनोहर मोर्या, अशोक मोर्या, विवेक तिवारी, रविन्द्र सिंह, पिंकाल तिवारी, विकास मोर्या, बंगाली, सुहेल सहित अन्य रहे।

रेलवे-स्टेशन के प्लेटफार्म फर्श निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत के रेलवे-स्टेशन पर बन रहे प्लेटफार्म के फर्श के निर्माण में भारी पैमाने पर गोलमाल करने का आरोप है ' स्थानीय नागरिकों की शिकायत है कि प्लेटफार्म के फर्श के निर्माण में बालू और सीमेंट का प्रयोग 10:3 के अनुपात से किया जा रहा है ' स्थानीय कस्बा के निवर्तमान सभासद के प्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता मनोज कुमार कमलापुरी, विजय कुमार यादव, विनोद कन्नौजिया, वकील अंसारी, सुभाष यादव, अनिल गांगुली आदि नागरिकों ने मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों से इसकी शिकायत की ' मनोज कमलापुरी ने निर्माण कार्य का वीडियो बनाया और पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों को ईमेल कर दिया ' नागरिकों ने कहा कि जिस प्रकार से प्लेटफार्म बनाया जा रहा है वह ज्यादा दिन नहीं चलेगा ' कुछ महीने में खराब हो जाएगा नागरिकों ने समय रहते आरोपों की जांच करने और समुचित कार्रवाई करने की मांग की ' शिकायत के कुछ घंटे बाद ही निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार दर्शन प्रसाद श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए और शिकायत कर्ता को बुलाकर मानकों की जानकारी दी कहा कि प्रत्येक कार्य का अलग अलग मानक है ' इस निर्माण कार्य का यही मानक है।

पुलिस ने बंद कराया, बिना कैनोपी के चल रहा शोर करने वाला जेनरेटर

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लालपुर-पांडेयपुर थाना अंतर्गत, बेनीपुर के पास ओम नगर कालोनी, फेज 1 की लेन नंबर 5 में रहने वाले एक परिवार द्वारा सत्या फाउंडेशन के हेल्पलाइन नंबर 9212735622 पर काल करके सूचना दी गई कि पूर्व में कई बार समझाने के बाद भी पड़ोसी द्वारा साउंड-प्रूफिंग वाली कैनोपी के बिना ही जेनरेटर चलाया जा रहा है। इसके शोर से जीना बेहाल है इसके बाद 'सत्या फाउंडेशन' के चेतन उपाध्याय से प्राप्त सूचना के आधार पर शिकायतकर्ता ने वाराणसी पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9454401645 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई साथ ही लालपुर-पांडेयपुर थानाध्यक्ष परमहंस गुप्ता के सीयूजी नंबर 9454404391 पर फोन करके और फिर वाट्सअप द्वारा लिखित शिकायत भेजी गयी।

हिना के फेफड़े ट्रांसप्लांट के लिए आसमा कालेज ने मदद के बढ़ाये हाथ

प्रखर खेतासराय जौनपुर। सीमावर्ती गांव आजमगढ़ जनपद निवासी हिना फेफड़े के इंफेक्शन से जूझ रही है । जीवन की आखिरी उम्मीद फेफड़े का प्रत्यापर्ण ही है । लेकिन उसका ईलाज लाखों में होने की वजह से परिवार के लोगों को आर्थिक समस्या आड़े आ गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने मुहिम चलाकर हिना के मदद के लिए आगे आ रहे है । क्षेत्र के आसमा कालेज ने एक लाख की मदद की है ।

दर असल आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के बरबसपुर गांव निवासी हिना है । वह करीब चार साल से फेफड़े के इंफेक्शन से पीड़ित है, उसके चार मासूम बच्चे है । करीब दो साल से सिलेंडर के सहारे सांसे चल रही है । इलाज का दबाव बढ़ा तो पति ने भी मुंह मोड़ लिया । पिता का भी देहांत हो गया । हिना के भाई मो कामरान ने बहन का इलाज का बीड़ा उठाया। उपचार में पुश्तैनी जमीन भी बिक गई । रिलायंस अस्पताल में भर्ती डॉक्टरों ने हिना के जीवन की एक मात्र सहारा फेफड़े का प्रत्यापर्ण ही

बताया । जिस से हिना के घर वालों का पैरों तले जमीन खिसक गई । इंटरनेट मीडिया से मुंबई, पूर्वीय प्रदेश आजमगढ़, जौनपुर समेत अन्य जनपदों के लोगों को हुई तो लोग मदद के लिए हाथ आगे बढ़ा रहे है । क्षेत्र के अस्मा अरबिक कॉलेज के छात्रों ने हिना बचाव मुहिम में प्रार्थना के बाद दान पेटिका में मदद डाली । स्कूल प्रबंध की तरफ से धर्मगुरु मौलाना वहीद कासमी ने एक लाख की राशि मदद के लिए आगे आये । इंटरनेट मीडिया के यूजरो ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग हिना की सांस बचाने के लिए आगे आ रहे है ।

चल यार धक्का मार... गश्त पर निकली पुलिस का गाड़ी में धक्का लगाते वीडियो हुआ वायरल

प्रखर केराकत,जौनपुर। बड़े-बड़े बदमाशों के छक्के छुड़ा देने वाली योगी की पुलिस का गाड़ी को धक्का मारते वीडियो वायरल हो रहा है। अक्सर लोगों को गाड़ी में धक्का मारते हुए देखा है. जब कभी रास्ते पर गाडियां खराब होकर रुक जाती हैं तो उन्हे धक्का मार कर ही आगे बढ़ाया जाता है. पर आम लोग ऐसा करे तो समझ में बात आती है. मगर जिनके हाथों में शहर की सुरक्षा की कमान हो और जिन्हें हर समय किसी जरूरतमंद की सहायता के लिए तैयार रहना होता है, अगर उनकी गाड़ी को धक्का लगाना पड़े तो सुरक्षा व्यवस्था की ढिलाई को लेकर बहुत सारे सवाल खड़े हो जाते हैं. जौनपुर जिले की केराकत पुलिस का ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है जो जिले में पुलिस के आधुनिकीकरण के तमाम दावों की बोल खोलता नजर आ रहा है.

दरअसल, जौनपुर के केराकत में लोगों की सुरक्षा के लिए गश्त पर निकली पुलिस की गाड़ी रास्ते में रैकल ब्रह्म बाबा के पास स्थित क्रासिंग के पास अचानक बन्द हो गई . काफी प्रयास के बाद गाड़ी स्टार्ट नही हुई तो बीच सड़क पर पुलिसवाले गाड़ी से उतरकर गाड़ी को धक्का देने लगे. पुलिसवालों ने गाड़ी से उतरकर धक्का लगाया तब जाकर गाड़ी स्टार्ट हुई। इसका किसी ने वीडियो बना लिया जो तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस की धक्का मार गाड़ी देखकर यूपी पुलिस को आधुनिक बनाने के योगी सरकार के दावे का पता साफ तौर पर लगाया जा सकता है. जाहिर है केराकत पुलिस को देखकर तो आप यही कह सकते हैं कि आप यहां पुलिस से मदद की गुहार लगाएं, लेकिन पुलिस समय पर पहुंच जाये, इसकी कोई गारंटी नहीं है.

कोहरे के चलते ट्रक में जोरदार टक्कर, एक की मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के चुप्पेपुर हाईवे स्थित पर सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही ट्रक तेज कुहरे के चलते जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जहां खड़ी ट्रक के खलासी की मौत हो गई वही दूसरे ट्रक का ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गया। घटना बुधवार की सुबह 7 बजे के लगभग की बताई जाती है।

बताया जाता है कि वाराणसी से जौनपुर की तरफ चावल लेकर जा रही ट्रक के खलासी को शौच लगी तो वह शौच करने के बाद जब ट्रक पर चढ़ने लगा तभी पीछे से सीमेंट लेकर जौनपुर की तरफ जा रहे ट्रक चालक कोहरे के चलते पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे खलासी दीपक यादव 25 वर्ष के शरीर मे एक लोहे का रॉड घुस गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वही दूसरे ट्रक के ड्राइवर शाहिद 36 वर्ष निवासी बेरचा जिला साझापुर मध्यप्रदेश ट्रक के स्टेयरिंग के बीच फंस गया जिसे आसपास के लोगों ने जेसीबी की सहायता से बाहर निकाला।

उसका पैर टूट गया। मृत खलासी दीपक यादव गांव कि सीकरी का पूरा थाना कंधई प्रतापगढ़ का निवासी है। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि मृतक को पुलिस कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया गया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं